PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-119 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 24 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'जीवन में हार और जीत दोनों अस्थायी हैं, लेकिन सीख स्थायी होती है–इसलिए हर परिणाम को सीख में बदलना ही सच्ची सफलता है।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880

Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## परिणाम नहीं, प्रयास का सम्मान– परीक्षा से आगे की असली शिक्षा

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज घोषित होने जा रहा है। यह केवल एक सामान्य शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कई मायनों में ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक भी है। पहली बार मार्च माह में परिणाम घोषित किया जा रहा है और पारंपरिक क्रम को बदलते हुए 10वीं का परिणाम 12वीं से पहले जारी किया जा रहा है। साथ ही 8वीं और 5वीं के परिणाम भी इसी समय आने की संभावना है। शिक्षा व्यवस्था में यह बदलाव निश्चित रूप से समय प्रबंधन और अकादमिक सत्र को व्यवस्थित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

लेकिन इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या हम इस परिणाम को केवल 'अंक' और 'प्रतिशत' तक सीमित कर देंगे, या इसे आत्ममंथन और सुधार का अवसर बनाएंगे? यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। हर वर्ष की तरह इस बार भी लाखों विद्यार्थी अपने परिणाम को लेकर उत्सुक हैं। कुछ के चेहरे पर मुस्कान होगी, तो कुछ के मन में निराशा। लेकिन यह समझना आवश्यक है कि परीक्षा का परिणाम केवल दो ही होते हैं–पास या फेल। पास होना खुशी देता है, लेकिन फेल होना जीवन की समाप्ति नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का संकेत होता है।

समस्या तब उत्पन्न होती है जब समाज और परिवार इस परिणाम को 'जीवन का अंतिम सत्य' मान लेते हैं। 'लोग क्या कहेंगे? '–यह एक ऐसा दबाव है जो विद्यार्थियों के मन में भय और असुरक्षा पैदा करता है। यही भय कई बार उन्हें मानसिक तनाव की ओर धकेल देता है। हमें यह समझना होगा कि परीक्षा में असफल होना कोई अपराध नहीं है, लेकिन प्रयास करने से डरना और हार मान लेना निश्चित रूप से गलत है। इस संदर्भ में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आता है। एक पिता का बेटा बोर्ड परीक्षा में असफल हो गया। सामान्यतः जहां ऐसे मामलों में डांट-फटकार और निराशा देखने को मिलती है, वहीं उस पिता ने एक अनूठा कदम उठाया। उन्होंने अपने बेटे के परिणाम को छिपाने के बजाय खुले रूप में स्वीकार किया और अपने रिश्तेदारों, मित्रों और पड़ोसियों को एक दावत पर आमंत्रित किया।

दावत में सभी के सामने उन्होंने बड़े गर्व से कहा– 'मेरे बेटे ने मेहनत की, लेकिन इस बार वह सफल नहीं हो सका। मुझे विश्वास है कि वह अगली बार और बेहतर प्रदर्शन करेगा।' यह शब्द उस बच्चे के लिए केवल सांत्वना नहीं थे, बल्कि आत्मविश्वास की नई ऊर्जा थे। जिस बच्चे के मन में भय और शर्म थी, वह उसी क्षण आत्मबल से भर गया। उसने अपने भीतर झांका, अपनी कमियों को पहचाना और अगले प्रयास के लिए खुद को तैयार किया। परिणामस्वरूप, अगली परीक्षा में उसने शानदार सफलता हासिल की। यह उदाहरण केवल एक कहानी नहीं, बल्कि एक गहरी सीख है–बच्चों को परिणाम से अधिक समर्थन और समझ की आवश्यकता होती है। आज के समय में अभिभावकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे बच्चों पर अपेक्षाओं का अनावश्यक बोझ न डालें। हर बच्चा अलग होता है, उसकी क्षमता, रुचि और परिस्थितियाँ भी अलग होती हैं। ऐसे में केवल प्रतिशत के आधार पर उसकी योग्यता को आंकना एक बड़ी भूल है।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन को समझने और सही दिशा में आगे बढ़ने का साधन है। यदि कोई विद्यार्थी असफल होता है, तो यह उसके लिए आत्मविश्लेषण का अवसर है–यह जानने का कि कहाँ कमी रह गई, किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है और भविष्य में किस दिशा में आगे बढ़ना है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों के परिणाम को लेकर चिंता करने के बजाय उनके साथ बैठकर मंथन करें। यह समझें कि गलती कहाँ हुई और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। बच्चों को यह विश्वास दिलाएं कि वे उनके साथ हैं, चाहे परिणाम कुछ भी हो। समाज को भी अपनी सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है। हमें 'लोग क्या कहेंगे' जैसी मानसिकता से बाहर निकलना होगा। क्योंकि यही सोच बच्चों पर अनावश्यक दबाव बनाती है और कई बार उनके आत्मविश्वास को तोड़ देती है।

**अंततः** यह समझना आवश्यक है कि परीक्षा का परिणाम जीवन का अंतिम सत्य नहीं है। यह केवल एक पड़ाव है, जो हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिखाता है। सफलता और असफलता दोनों ही जीवन के शिक्षक हैं–एक हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, तो दूसरा हमें अपनी कमियों को पहचानने का अवसर देता है।

इसलिए आज जब परिणाम घोषित हो रहा है, तो इसे केवल अंकपत्र के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक अवसर के रूप में स्वीकार करें–सीखने, समझने और आगे बढ़ने का अवसर। क्योंकि असली शिक्षा वही है, जो हमें गिरकर उठना सिखाए और हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का साहस दे।

# पाकिस्तान जासूस सुमित कुमार कोर्ट में पेशः 2 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेजा

## एयरफोर्स स्टेशन की खुफिया जानकारी लीक करने का आरोप

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी सुमित कुमार को सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सीजेएम कोर्ट महानगर प्रथम में पेश किया गया। असम स्थित एयरफोर्स स्टेशन से जुड़ी जासूसी के एक गंभीर मामले में आगे की जांच के लिए राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से आरोपी का 12 दिन का रिमांड मांगा । सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी सुमित कुमार को 2 अप्रैल तक रिमांड पर सौंपा है। ये आदेश सीजेएम कोर्ट जयपुर महानगर - 1 के जज प्रियशंकर सिंह द्वारा जारी किए गए। कोर्ट में राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से एडवोकेट सुदेश सत्तावन ने पैरवी की। अब इंटेलीजेंस टीम नक्शा-मौका तस्दीक कराने के लिए जल्द ही उसे असम के डिब्रूगढ़ लेकर जाएगी। जानकारी के अनुसार, राजस्थान इंटेलिजेंस और एयरफोर्स इंटेलिजेंस नई दिल्ली की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था। सुमित कुमार असम के



डिब्रूगढ़ स्थित चबुआ एयरफोर्स स्टेशन में मल्टी टास्किंग स्टाफ (स्वीपर) के पद पर तैनात था। आरोपी प्राथमिक पूछताछ में सामने आया 2023 में गुवाहाटी में हुई एक बाबा सत्संग के दौरान एक व्यक्ति मिला। जिसने किसी से बात करने के लिए उससे मोबाइल मांगा था। इसके बाद काफी देर सामने वाले से बात की और बाद में बोला कि ये व्यक्ति बाबा का भक्त हैं और एयरफोर्स में तैनात है। आप इनसे बात कर सकते है। इसके बाद पाक हैंडलर्स से बात करने लग गया था।

जांच में सामने आया है कि आरोपी पाकिस्तान के हैंडलर्स के लिए जासूसी करता था और एयरफोर्स स्टेशन समेत अन्य संवेदनशील सूचनाएं सोशल मीडिया के जरिए साझा करता था। आरोपी भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी सांझा कर रहा था। जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद गंभीर मामला है। वह अपने पद का दुरुपयोग कर गोपनीय जानकारियां जुटाता और उन्हें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी तक पहुंचाता था।

इस पूरे नेटवर्क का खुलासा जनवरी 2026 में जैसलमेर निवासी झबराराम की गिरफ्तारी के बाद हुआ। झबराराम से पूछताछ के दौरान सुमित कुमार का नाम सामने आया, जो लगातार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के संपर्क में था। इसके बाद राजस्थान इंटेलिजेंस और एयरफोर्स इंटेलिजेंस की टीमें आरोपी पर नजर बनाए हुए थीं। उचित समय पर कार्रवाई करते हुए उसे चबुआ से हिरासत में लेकर जयपुर स्थित केंद्रीय पूछताछ केंद्र लाया गया, जहां विभिन्न एजेंसियों ने उससे पूछताछ की।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी वर्ष 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में था और रुपयों के बदले संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने चबुआ एयरफोर्स स्टेशन के अलावा बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन सहित अन्य सैन्य ठिकानों की जानकारी भी साझा की थी। इन सूचनाओं में लड़ाकू विमानों की लोकेशन, मिसाइल सिस्टम और अधिकारियों-कर्मचारियों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां शामिल हैं। इसके अलावा आरोपी अपने नाम से जारी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल पाकिस्तानी हैंडलर्स के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनाने में भी करता था। मामले में जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

# डीजीपी राजीव शर्मा की क्राइम बैठक में सख्ती:लापरवाही पर एसपी को चेतावनी

## थानों के औचक निरीक्षण नहीं करने पर जताई नाराजगी

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में प्रदेश के सभी रेंज आईजी और जिला पुलिस अधीक्षक जुड़े। बैठक दोपहर 2 बजे शुरू होकर शाम 6:30 बजे तक चली, जिसमें प्रदेश में कानून-व्यवस्था, जन सुरक्षा और गंभीर अपराधों की गहन समीक्षा की गई। डीजीपी ने परंपरागत अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### डीजीपी बोले- थानों का नियमित निरीक्षण करें

डीजीपी ने कई एसपी द्वारा थानों का औचक निरीक्षण नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिला पुलिस



अधीक्षक अपने अधीनस्थ थानों का नियमित निरीक्षण करें और अनुसंधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। साथ ही पुलिस लाइन्स का नियमित दौरा, मूलभूत सुविधाओं का आकलन, लाइब्रेरी स्थापना और पुलिस क्वार्टर्स की मरम्मत के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा गया।

### स्पेशल टीम विवाद के बाद बड़ा निर्णय

उदयपुर में एसीबी ट्रैप में कांस्टेबल के फंसने के बाद सीओ स्तर की स्पेशल टीम विवादों में आने पर अब केवल जिला डीएसटी और कमिश्नरेट में सीएसटी को ही सक्रिय रखने का निर्णय लिया गया है।

### मादक पदार्थों के खिलाफ तेज होगी कार्रवाई

डीजीपी ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) की गतिविधियों को और तेज करने के निर्देश देते हुए फील्ड स्तर पर सघन मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। आगामी त्योहारों को देखते हुए प्रदेश में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर पुलिस की विजिबिलिटी और गश्त बढ़ाने के लिए कहा गया।

# झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक की अपीलः 30 मार्च तक फसली ऋण चुकाने पर मिलेगा ब्याज अनुदान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

झुंझुनूं केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा किसानों के हित में महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए अल्पकालीन फसली ऋण धारकों से समय पर ऋण चुकाने की अपील की गई है। बैंक के प्रबंध निदेशक संदीप शर्मा ने बताया कि ब्याजमुक्त फसली ऋण योजना के तहत नियमित श्रेणी के किसानों को संपूर्ण ब्याज राशि अनुदान के रूप में दी जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ 2025 के दौरान वितरित 1.50 लाख रुपये तक के अल्पकालीन फसली ऋणों का यदि किसान 30 मार्च 2026 तक (31 मार्च को अवकाश होने के कारण) भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें 7 प्रतिशत ब्याज राशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। इसका अर्थ है कि समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों से किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाएगा। बैंक प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह योजना केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा लागू की जा रही है। ऐसे में जिन किसानों ने खरीफ 2025 में फसली ऋण लिया है, वे निर्धारित तिथि से पहले अपने संबंधित समिति या बैंक शाखा में ऋण जमा कर योजना का लाभ उठाएं। बैंक ने सभी पात्र किसानों से आग्रह किया है कि वे समयसीमा का ध्यान रखते हुए अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# इंकलाब के नारों से गूंजा श्योराण गेस्ट हाउसः शहीदों की शहादत पर नम हुई आंखें



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर स्थानीय श्योराण गेस्ट हाउस में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। देशभक्ति की भावना और भावुकता से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने वीर सपूतों की शहादत को नमन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कोच राजेन्द्र पाल सिंह ने किया। समारोह की शुरुआत में शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर वीर बलिदानियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों का बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने उनके जीवन दर्शन और देश के प्रति उनके समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सैकड़ों लोग उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से रणबीर सिंह थालौर, मोहर सिंह कड़वासरा, उमराव सिंह ओजटू, रविन्द्र सिंह नारी, सुनील सिद्धड़, अरविन्द दाधीच, नगर भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र गिरधर, एडवोकेट विजय डाबला, सुशील डावला, मंजीत सिंह स्योराण, शेरसिंह पहलवान, नवीन कुमार, सज्जन गोदारा, मोहनलाल नायक, सुनील भड़िया, राजेश वर्मा, रुस्तम सिम्का, राकेश बिका, मुमताज सिम्का, पप्पू सिम्का, मुराद खान, इमरान सिम्का, धर्मपाल मिश्रा, सुनील नायक, महेन्द्र नायक, रमेश नायक, अशोक नायक आदि । कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने और शहीदों के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।





# सेहत के लिए संजीवनी है शहद और लहसुन का मिश्रण
## हृदय रोगों में लाभकारी



आयुर्वेद में प्रकृति से मिली जड़ी-बूटियों से सदियों से रोगों का इलाज किया जा रहा है। कुछ जड़ी-बूटियां हमारी किचन में ही मौजूद हैं, जिनके सेवन मात्र से शरीर को सेहत का वरदान मिल सकता है। लहसुन और शहद दोनों ही ऐसी चीजें हैं, जो आसानी से हर घर में मिल जाती हैं, लेकिन इन दोनों चीजों का मिश्रण शरीर के लिए संजीवनी है। लहसुन और शहद हृदय रोग और मंद पड़े पाचन को दुरुस्त करने में सहायक हैं। लहसुन का इस्तेमाल सब्जियों के अलावा रोगों में किया जाता है। आयुर्वेद में बड़े हुए कोलेस्ट्रोल से पीड़ित लोगों को ताजा लहसुन की कलियां खाने की सलाह दी जाती है। लहसुन में स्वास्थ्यवर्धक तत्व एलिसिन होता है, जो एक तरह का एंटीबायोटिक और एंटीऑक्सीडेंट है। इसके सेवन से रक्त का संचार शरीर में सही बना रहता है और रक्त गाढ़ा भी नहीं होता है। लहसुन में ऑक्सीजन, सल्फर और अन्य रसायन होते हैं, जो लहसुन को जीवाणुरोधी और रोग-रोधी गुण प्रदान करते हैं।


वहीं शहद प्राकृतिक से मिली वो मीठी वस्तु है, जिसका सेवन मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों के स्वास्थ्य को भी कम प्रभावित करता है। शहद में फ्लेवोनोइड्स और पॉलीफेनोल्स नाम के दो एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में खुजली, लालिमा, और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करते हैं। शहद में जीवाणुरोधी, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण भी होते हैं, जो कई बीमारियों में सहायक हैं।

अब बात करते हैं लहसुन और शहद के मिश्रण की। लहसुन और शहद को एक साथ मिलाकर रखने से इसके गुण दोगुने हो जाते हैं। इथियोपियाई चिकित्सा में लहसुन और शहद के मिश्रण को शरीर के लिए संजीवनी कहा गया है, जो श्वसन रोग, संक्रमण, त्वचा संबंधी रोग, हृदय रोग और पेट से जुड़े रोगों का काल है। यह मिश्रण सर्दी-जुकाम और खांसी के लक्षणों को कम करने में मदद करता है और रक्त को पतला कर स्ट्रोक के खतरे को कम करता है। इसके साथ यह उच्च रक्तचाप, गठिया, दांत दर्द, कब्ज और संक्रमण में भी सहायक है।

इसके लिए कांच की साफ बरनी में ताजा लहसुन की कलियों को छीलकर डाल लें। बरनी में शुद्ध शहद को भरकर 5 से 7 दिन के लिए रख दें और फर्मेंट होने के बाद सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। बच्चे और गर्भवती महिलाएं चिकित्सा की सलाह के बाद ही सेवन का मिश्रण करें।

**आयुर्वेद में प्रकृति से मिली जड़ी-बूटियों से सदियों से रोगों का इलाज किया जा रहा है। कुछ जड़ी-बूटियां हमारी किचन में ही मौजूद हैं, जिनके सेवन मात्र से शरीर को सेहत का वरदान मिल सकता है। लहसुन और शहद दोनों ही ऐसी चीजें हैं, जो आसानी से हर घर में मिल जाती हैं, लेकिन इन दोनों चीजों का मिश्रण शरीर के लिए संजीवनी है। लहसुन और शहद हृदय रोग और मंद पड़े पाचन को दुरुस्त करने में सहायक हैं।**

# कौन सा स्वाद बढ़ाता है कौन सा दोष? जानिए आयुर्वेदिक आहार का सिद्धांत



आयुर्वेद के अनुसार त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) शरीर को नियंत्रित करने वाली तीन मूलभूत ऊर्जाएं हैं, जिसका सीधा संबंध हमारे भोजन से होता है। जब ये तीनों दोष संतुलन में रहते हैं, तब शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करता है। लेकिन अगर इनका संतुलन बिगड़ जाए, तो कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याएं शुरू हो सकती हैं। इसलिए यह समझना जरूरी है कि कौन सा स्वाद किस दोष को बढ़ाता है और कौन सा उसे शांत करता है।



आयुर्वेद में भोजन के छह प्रमुख रस बताए गए हैं मधुर (मीठा), अम्ल (खट्टा), लवण (नमकीन), कटु (तीखा), तिक्त (कड़वा) और कषाय (कसैला)। इन रसों का हमारे शरीर के दोषों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। वात दोष को बढ़ाने वाले स्वादों में तीखा, कड़वा और कसैला रस शामिल हैं। अगर कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा तीखा या कड़वा भोजन करता है, तो वात बढ़ सकता है, जिससे गैस, सूखापन, बेचैनी या जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वात को संतुलित रखने के लिए मीठा, नमकीन और खट्टा स्वाद फायदेमंद माना जाता है। साथ ही गर्म और थोड़े तैलीय भोजन का सेवन भी वात को शांत करने में मदद करता है।

अब बात करें पित्त दोष की। पित्त का संबंध शरीर की गर्मी और पाचन शक्ति से माना जाता है। तीखा, खट्टा और नमकीन स्वाद पित्त को बढ़ा सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा मसालेदार या खट्टा खाना खाता है, तो शरीर में गर्मी बढ़ सकती है, जिससे एसिडिटी, जलन, चिड़चिड़ापन या त्वचा से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। पित्त को शांत करने के लिए मीठा, कड़वा और कसैला स्वाद बेहतर माना जाता है। ठंडे और हल्के भोजन, जैसे हरी सब्जियां और फल, पित्त को संतुलित रखने में मदद करते हैं।

कफ दोष का संबंध शरीर की स्थिरता, नमी और ताकत से होता है। मीठा, नमकीन और खट्टा स्वाद कफ को बढ़ा सकते हैं। अगर इन स्वादों का ज्यादा सेवन किया जाए, तो शरीर में भारीपन, सुस्ती, वजन बढ़ना या बलगम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कफ को कम करने के लिए तीखा, कड़वा और कसैला स्वाद उपयोगी माना जाता है। हल्का, गर्म और मसालेदार भोजन कफ को संतुलित रखने में मदद करता है।



# सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए नहीं, सेहत का खजाना हैं मसाले;जानें असली और नकली की पहचान



स्वाद और सेहत का संबंध सिर्फ आहार से ही नहीं बल्कि शुद्ध आहार से भी जुड़ा है। अच्छी सेहत के लिए अच्छे आहार ही नहीं बल्कि उसमें इस्तेमाल होने वाली सही चीजों की पहचान पर भी निर्भर करती है, खासकर मसालों में। आज के समय में प्राचीन पद्धति से पीसे गए मसालों की बजाय मिलावट से भरे मसाले बाजारों में जगह बना चुके हैं। बाज़ार में मिलने वाले मसालों में अक्सर खतरनाक मिलावट होती है, चाहे वो हल्दी में लेड क्रोमेट हो या मिर्च में ईंट का चूरा। ये सभी मसाले स्वास्थ्य के लिए जहर हैं और ऐसे में असली और नकली मसालों की पहचान रखना सभी के लिए जरूरी है। पहले बात करते हैं धनिया पाउडर की। इसकी पहचान के लिए कांच के गिलास में पानी लें। पानी में धनिया पाउडर की दो चम्मच डालें और आधे घंटे के लिए छोड़ दें। अगर पाउडर गिलास की तली में बैठ जाता है, तो धनिया पाउडर शुद्ध है, और अगर यह ऊपर तैरता है या पानी के साथ घुलने की कोशिश करता है, तो यह अशुद्ध है। सेंधा नमक को शुद्धि का प्रतीक माना जाता है और हर घर में सेंधा नमक का इस्तेमाल सदियों से होता आया है, लेकिन आज के समय में इसमें मिलावट की संभावना रहती है। इसके लिए आलू को बीच से काट लें और उस पर सेंधा नमक रख दें। सेंधा नमक पर कुछ बूंदे नींबू की डालें और छोड़ दें। अगर सेंधा नमक असली है तो सेंधा नमक के रंग में कोई बदलाव नहीं होगा, वहीं इसके विपरीत अगर मिलावट है तो आलू काला या नीला पड़ने लगेगा।

अब जानते हैं लाल मिर्च के बारे में। इसके लिए कांच के गिलास में पानी लें। पानी में लाल मिर्च की दो चम्मच डालें। अगर मिर्च पानी के ऊपर ही तैर रही है तो मिर्च शुद्ध है और वहीं अगर वो पानी में डूब रही है और पानी को लाल कर रही है तो समझ लीजिए की यह अशुद्ध है। वहीं काली मिर्च के पाउडर में भी मिलावट की जाने लगी है। इसकी जांच के लिए भी पानी का सहारा ले। एक गिलास पानी में काली मिर्च का पाउडर लें। अगर डूब जाए तो अशुद्ध है और पानी के ऊपर तैरने लगे तो पूर्णता शुद्ध है। हल्दी पाउडर के बिना सब्जी का स्वाद और रंग दोनों ही प्रभावित होते हैं। ऐसे में कांच के गिलास में पानी लेकर हल्दी पाउडर डालें। शुद्ध हल्दी बिना अपना गाढ़ा रंग दिखाए धीरे-धीरे बैठने लगती है, वहीं मिलावटी हल्दी पानी में जाते ही अपना रंग छोड़ देती है और पानी में घुल जाती है। मसालों का काम सिर्फ स्वाद बढ़ाना ही नहीं, बल्कि सेहत का ध्यान भी रखना है। इसलिए स्वास्थ्य से समझौता न करें।



# मोटापा
## सिर्फ बढ़ता वजन नहीं, कई बीमारियों की बड़ी वजह, आसान उपाय संग ऐसे करें कंट्रोल

मोटापा अब सिर्फ दिखावे की समस्या नहीं रहा, बल्कि यह हृदय रोग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर समेत कई गंभीर बीमारियों का बड़ा कारण बन चुका है। ऐसे में बढ़ती वजन की समस्या से परेशान लोगों को हेल्थ एक्सपर्ट कुछ आसान उपाय की सलाह देते हैं, जो मोटापे की समस्या को खत्म करने में कारगर हैं। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अनुसार, यह समस्या अब बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोगों में तेजी से फैल रही है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जंक फूड का अधिक सेवन, शारीरिक गतिविधि की कमी, लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना और अनियमित जीवनशैली मोटापे की मुख्य वजह बन गई है। बच्चे मोबाइल-टीवी पर ज्यादा समय बिताते हैं, जिससे उनकी शारीरिक सक्रियता कम हो जाती है। वहीं, बड़ों में ऑफिस की नौकरी, तनाव और फास्ट फूड की आदत ने मोटापे को और बढ़ावा दिया है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि मोटापा सिर्फ वजन बढ़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर में सूजन पैदा करता है, इंसुलिन प्रतिरोध बढ़ाता है और धमनियों में फैट जमा होने से हृदय रोगों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। एनएचएम ने लोगों को मोटापे से बचने के लिए कुछ आसान लेकिन प्रभावी उपाय बताए हैं।

वास्तव में मोटापा एक ऐसी समस्या है, जिसे दवाइयों से ज्यादा जीवनशैली में बदलाव से नियंत्रित किया जा सकता है। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, जोड़ों के दर्द और यहां तक कि अन्य गंभीर रोगों का कारण भी बन सकता है।

# मंडेलिया महाविद्यालय में शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**



श्रीमती इंद्रमणि मंडेलिया शिक्षा निकेत महाविद्यालय,पिलानी में सोमवार, 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर माय भारत युवा केंद्र, ब्लॉक पिलानी के तत्वावधान में शहीद भगत सिंह जी राजगुरु और सुखदेव को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई एवं पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि हमारे आजादी के नायक हमारे आदर्श हैं।आज के युवा को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और देश के लिए सर्वस्व अर्पण का भाव रखना चाहिए। भगत सिंह युवा मंडल के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवक अशोक शर्मा ने अपने गीत के माध्यम से विद्यार्थियों को भगत सिंह के जीवन का परिचय दिया। महाविद्यालय उप प्राचार्या डॉ. दीप्ति कौशिक एवं व्याख्याता नितेंद्र पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। युवाओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं सभी युवाओं को मोमेंटो एवं माला से स्वागत किया गया अपने विचार साझा किया कार्यक्रम के बाद पदयात्रा रैली का आयोजन किया गया युवाओं ने उद्घोष के साथ शाहिद को याद किया। इस अवसर पर व्याख्याता सोनिया माथुर, डॉ सावित्री पूनिया, डॉ त्रिवेणी, संदीप सैनी, डॉ. बाला कुलहरि, प्रमोद शर्मा,विनोद नेहरा,मनीषा सैनी, परवीन, मनोज सैनी,राहुल , नेहा,सुरेश हमीनपुर सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

# ढिलाई बर्दाश्त नहीं, योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना अनिवार्य: जिला कलेक्टर की सख्त हिदायत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।**



**मनोज खंडेलवाल** । जिले में केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति का गहन परीक्षण करते हुए स्पष्ट कहा गया कि आमजन तक योजनाओं का लाभ तय समय में पहुंचे, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए कलक्टर ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। कलक्टर ने लाडो प्रोत्साहन योजना की लंबित किस्तों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से हासिल करने को कहा। पीएम कुसुम योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अटके मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश देते हुए अधिकाधिक पात्र परिवारों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। कृषि से जुड़े कार्यों में फार्म पॉण्ड, डिग्गी निर्माण, तारबंदी और भूमिहीन कृषि श्रमिकों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराने जैसे कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे से जुड़े मामलों में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत चल रहे कार्यों, क्रिटिकल केयर ब्लॉक और शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड वितरण तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में शिक्षा, सड़क और आवास से जुड़े कार्यों पर भी फोकस रहा। विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति और लर्निंग आउटकम सुधारने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, अटल प्रगति पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के कार्यों में तेजी लाने को कहा गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मिशन हरियालो राजस्थान, जल जीवन मिशन, अमृत योजना और पंच गौरव योजना की प्रगति रिपोर्ट का परीक्षण कर कार्यों को गति देने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के तहत संशोधित वितरण क्षेत्र योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी पहलें जैसे नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी और पशु सखी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। कलक्टर ने अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति पर नजर रखने और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल, नगर परिषद आयुक्त कमलेश मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकसभा में गूंजी किसानों की आवाज, MSP की कानूनी गारंटी की मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



झुंझुनूं से सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में नियम 377 के तहत किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी गारंटी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश का किसान आज भी अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और किसानों को कई बार MSP से कम कीमत पर फसल बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सीमित सरकारी खरीद व्यवस्था के कारण सभी किसानों की उपज की खरीद सुनिश्चित नहीं हो पाती, जिससे बिचौलियों द्वारा शोषण की स्थिति बनती है। सांसद ने सरकार से पारदर्शी, सशक्त और व्यापक खरीद प्रणाली विकसित करने की मांग करते हुए कहा कि MSP की कानूनी गारंटी किसानों का अधिकार है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और कृषि क्षेत्र को टिकाऊ व लाभकारी बनाने में मदद मिलेगी।


## सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की संयुक्त मीटिंग आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

सीकर केन्द्रीय सहकारी बैंक हैड ऑफिस के सामने राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति जयपुर जिला इकाई सीकर की संयुक्त मीटिंग का आयोजन कल 24 मार्च मंगलवार को होगा। जिसमें सीकर जिले के समस्त व्यवस्थापक, सहायक व्यवस्थापक, सैल्समैन व समिति के अन्य कर्मचारी मींटिग मे सहभागिता करेंगे। सहकारी समितियों के कार्मिको के संवेदनशील मुद्दो पर चर्चा करने के लिए इस मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है।

## स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा का बलारा में भाजपाइयों ने किया स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा का बलारां में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।यूडीएच मंत्री खर्रा सिद्ध संत बाबा मालदास आश्रम राजपुरा में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने जाते समय बलारा गांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत सिंह जाट के नेतृत्व में बलारां बस स्टैण्ड पर मंत्री खर्रा का स्वागत किया गया । इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अमित शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामोतर व्यास विमल जोशी अर्जुन कोतवाल दीपेन्द्र सारस्वत नाथू टेलर भगवाना मीणा नरेश मीणा कमल सैन सीताराम सैन ताराचंद सोनी मकसूद खत्री उमेद खत्री हरि खीचड़ रमेश सारस्वत राजेन्द्र भडिया, अमित भूरिया, नरेंद्र सरावग मदन सिंह सरावग सत्यवीर गणेश जोशी, चूड़ीमियाँ से आए कार्यकर्ताओं सहित भाजपाई मौजूद थे।

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026: PPGN एकेडमी चिड़ावा का शत-प्रतिशत परिणाम, आरुषि और जतिन का चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**






शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी PPGN सैनिक मिलिट्री नवोदय एकेडमी ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया है। वर्ष 2026 की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में एकेडमी के विद्यार्थियों ने 100' सफलता प्राप्त कर संस्थान की गुणवत्ता को पुनः प्रमाणित किया है। एकेडमी की छात्रा आरुषि मान पुत्री अनिल मान एवं छात्र जतिन पुत्र शिश राम ने अपनी कड़ी मेहनत से सैनिक स्कूल में स्थान पक्का किया है। इस दोहरी सफलता से न केवल उनके परिवारों में बल्कि पूरे क्षेत्र के शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है। संस्थान के संचालक विक्रम शर्मा ने बताया कि एकेडमी का मुख्य उद्देश्य केवल स्कूल फीस के बराबर खर्च में विद्यार्थियों को सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल और नवोदय विद्यालय जैसी कठिन परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। यहाँ अनुभवी फैकल्टी द्वारा नियमित टेस्ट सीरीज और विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सत्र 2026-27 के लिए एकेडमी ने 'सुपर 30 गारंटीड बैच' का आगाज किया है, जो 'चयन नहीं तो फीस नहीं' के सिद्धांत पर आधारित है। यह विशेष बैच 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। साथ ही, ज्ञान सिंधु सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है, जहाँ नर्सरी कक्षा के लिए पूरे वर्ष की फीस पूर्णतः निशुल्क रखी गई है। संस्थान परिसर में ही स्कूल, एकेडमी और हॉस्टल की सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध है, जो विद्यार्थियों को अनुशासित और एकाग्र शैक्षणिक वातावरण प्रदान करती है। अभिभावक अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संस्थान की इस 'जीरो रिस्क' नीति पर गहरा भरोसा जता रहे हैं।

## सपनों को मिली उड़ान: ढक्कर वाला की बेटी दिया ने IIT JAM में AIR 6 हासिल कर रचा इतिहास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**



प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ निश्चय का अद्भुत उदाहरण पेश करते हुए ढक्कर वाला गांव की होनहार छात्रा दिया ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल की है। लोहिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने IIT JAM 2026 (बायोटेक्नोलॉजी) में ऑल इंडिया रैंक 6 (AIR 6) प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इतना ही नहीं, दिया ने अपनी काबिलियत का शानदार प्रदर्शन करते हुए GATE 2026 में भी ऑल इंडिया रैंक 22 हासिल की है। इस दोहरी सफलता के बाद अब उनके लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे IIT और IISc में प्रवेश के द्वार खुल गए हैं। दिया, सुनील और सुमन देवी की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है और हर कोई गर्व महसूस कर रहा है।विद्यालय के चेयरमैन राम सिंह नेहरा ने बताया कि दिया की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दिया को सम्मानित किया जाएगा। दिया की यह सफलता एक संदेश है—सपनों को सच करने के लिए मेहनत और आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण,व्यवस्थाओं को परखा,दिए आवश्यक निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.दौसा।**



**मनोज खंडेलवाल** । निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा अभिलेख संधारण की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईवीएम मशीनें पूर्ण सुरक्षा और निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखी गई हैं। जिला कलक्टर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने, नियमित निगरानी बनाए रखने तथा आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रही, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के मण्डल उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के जिला प्रवक्ता मुकेश राणा तथा बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी द्वारिका प्रसाद मीणा शामिल रहे।

## नीमराना में शहीदी दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**




**रमेशचंद** । नगर कांग्रेस कार्यालय नीमराना में शहीदी दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले और आजादी के बाद आजादी को बरकरार रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश के लिए अमूल्य है और उनकी देशभक्ति एवं त्याग से हमें हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष महावीर चर्खिया, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, प्रवीण यादव, दिनेश शर्मा, सचिव संजय कुमार यादव, नरेश फौजी, संदीप वर्मा रॉयल ट्रांसपोर्ट, रामजस झगड़ोलिया, मुंडावर विधानसभा यूथ अध्यक्ष अनूप यादव, संदीप उमरावगढ़ सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ओलावृष्टि से फसल को हुए नुक़सान के मुआवजे की मांग को लेकर कृषि मंत्री के नाम मंडावा तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा**



**पवन कुमार शर्मा** । बेमौसम की हुई बरसात ओर ओलावृष्टि से किसानों की बरबाद हुई फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग को लेकर आज मंडावा तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर को कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अनुसार मंडावा विधानसभा क्षेत्र में बारिश की वजह से एवं ओलावृष्टि के कारण फसल का नुक़सान हो गया जिससे किसान बहुत ज्यादा परेशान है । राज्य सरकार को किसानों को राहत प्रदान कर शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। निकटवर्ती ग्राम बाजीसर के लोगों ने भी अपनी मांग को लेकर मंडावा तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर को अमित मीणा के नेतृत्व ज्ञापन देकर पटवारी द्वारा सही गिरदावरी करने की मांग की है। पटवारी द्वारा सही गिरदावरी नहीं करने की वजह से किसान बहुत ज्यादा परेशान हैं । उन्होंने तहसीलदार से मांग कि दोबारा गिरदावरी सही करवाई जाए। समाजसेवी अमित मीणा ने बताया कि बेमौसम बारिश होने की वजह से एवं ओलावृष्टि के कारण मंडावा क्षेत्र की पूरी फसल चौपट हो गई। इस दौरान समाजसेवी अमित मीणा, संदीप कुल्हरी, सचिन बिरडा, राजकमल निर्मल,नथमल चौपड़ा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्री मीन भगवान की जयंती कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**सुमेर मीणा / उदयपुरवाटी।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ नीम का थाना इकाई द्वारा श्री मीन भगवान की जयंती धूम धाम से मनाई गई । इस अवसर पर नीम का थाना इकाई अध्यक्ष दिलीप सिंह मीना ने बताया कि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कुमार मीना व महा सचिव प्यारे लाल मीना से प्राप्त निर्देशानुसार सेवा संघ द्वारा ग्राम इकाइयों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ ग्राम इकाई नयाबास - नीम का थाना का सर्व सम्मति से गठन कर दिया गया है, जिसमें उदयभान मीना Retd Rly को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है इन्हीं के साथ श्री गिरधारी लाल मीना कंपाउंडर को उपाध्यक्ष , जितेंद्र सिंह मीना को महा सचिव , रोहिताश्व कुमार मीना को कोषाध्यक्ष , ओम प्रकाश मीना को संयुक्त सचिव ,मोहन लाल मीना को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है , इस अवसर पर सर्व सम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया गया कि आगामी 14 अप्रैल , 2026 को नीम का थाना इकाई द्वारा बाबा साहब डॉ भीव राव अंबेडकर जी की जयंती समारोह जिला कार्यकारिणी के सानिध्य में नीम का थाना तहसील मुख्यालय पर मीणा धर्मशाला खेतड़ी मोड़ पर राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ का जिला स्तरीय महा सम्मेलन के रूप में बड़ी धूम धाम से आयोजित किया जाएगा । इस दौरान संगठन को मजबूती प्रदान किए जाने की दिशा में जिम्मेदारी दी जावेगी , इस के लिए सभी को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई , साथ ही अन्य ग्राम इकाइयों के गठन की प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी , इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी संरक्षक व पूर्व तहसील अध्यक्ष पूरणमल मीना एवं जिला कार्यकारिणी कोषाध्यक्ष जगमाल सिंह मीना , तहसील कार्यकारिणी संरक्षक गीगा राम मीना , ग्यारसी लाल मीना पूर्व अध्यक्ष तहसील कार्यकारिणी व पूर्व सरपंच नयाबास , राजेंद्र कुमार मीना भदौली महा सचिव , मुरली धर मीना पूर्व बैंक प्रबंधक , गिरधारी लाल मीना कंपाउंडर , फूल चंद मीना गांवड़ी मैनेजर एल आई सी , श्री मान सिंह मीना संयुक्त सचिव , सूबेदार जगदीश प्रसाद मीना , कार्यकर्ता रमेश चंद मीना , जितेंद्र सिंह मीना सचिव नयाबास इकाई व एसएस श्री दुर्गा प्रसाद मीना नयाबास आदि उपस्थित रहें।

## जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण असंतुलन मानवीय भूलों का परिणाम-सैनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**




**सुमेर मीणा** । सामाजिक संगठन सिकोईडिकॉन जयपुर के सौजन्य से सारथी संस्था सूरजगढ़ द्वारा जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण पर एक संगोष्ठी का आयोजन प्रकाशपुरी होटल झुंझुनू के कॉन्फ्रेंस हाल में किया गया। वक्ताओं में पूर्व तहसीलदार मंगल चन्द सैनी ने जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण प्रदूषण की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन सब कारणों के लिये मानवीय गलतियाँ जिम्मेदार हैं सुधार के लिए विभिन्न उपाय बताये गए ।मुख्य वक्ता सिकोयडिकोन जयपुर के आलोक व्यास रहे ।सारथी संस्था सूरजगढ़ के निदेशक राजेन्द्र सेन ने मंच संचालन किया ।पूर्व रिटायर्ड चीफ इंजीनियर माली राम वर्मा ने विस्तार से जलवायु परिवर्तन पर व्याख्या करते हुए अनेक उपाय बताए। पवन कुमार सैनी राज्य प्रभारी पतंजलि ने योगा के बारे में बताया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी लियाकत अली पूर्व मेजर पूर्ण सिंह सैनी पीआरओ हिमांशु सिंह एपीआरओ विकास चाहर सहित अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित कर जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिन्ता व्यक्त की ।शिक्षा विद पितराम सिंह गोदारा ने शपथ दिलाई कि भोजन उतना ही लो थाली में डालें नहीं नाली में ।दो मिनट मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अंत में पेंशनर समाज के जिला सचिव चन्द्र प्रकाश धूपिया ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## मोरारका राजकीय महाविद्यालय में SFI ने शहीद दिवस मनाया, भगत सिंह के विचारों को किया याद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**



श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में छात्र संगठन एसएफआई द्वारा भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु का शहादत दिवस मनाया गया। तहसील महासचिव अमित शेखावत ने बताया कि भगत सिंह केवल एक शहीद नहीं बल्कि क्रांति की जलती मशाल थे, जिनसे पूरे देश में आजादी का जोश पैदा हुआ। उन्होंने भगत सिंह के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके क्रांतिकारी विचार आज भी युवाओं के दिलों में जीवित हैं। कार्यक्रम के दौरान एसएफआई की संघर्षों की किताब का वितरण किया गया, नारेबाजी के साथ शहीदों को याद किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष कपिल चोपड़ा, चिड़ावा तहसील प्रभारी आकाश धनकर, कमेटी अध्यक्ष पिंटू सैनी, तहसील सचिव विशाल शर्मा, मलसीसर अध्यक्ष सोयब खान, ऋषभ शर्मा, अंकुश सितसर, अंकित अंगसर, शिवानी, खुशी, गुनगुन सहनोलिया, प्रियंका, मनीष बुढ़ाना सहित कई छात्र मौजूद रहें।

## कन्या जन्मोत्सव पर अनूठी पहल: श्री श्याम मानव सेवा संस्थान में सेवा, संस्कार और सम्मान का संगम

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**



समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, बुहाना द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवा, भक्ति और सामाजिक संदेश का अनूठा संगम देखने को मिला।कार्यक्रम के तहत संस्थान में रह रहे जरूरतमंद, असहाय एवं दिव्यांग श्याम भक्तों को रसगुल्ला, पूरी और सब्जी का स्वादिष्ट भोजन प्रसादी कराई गई। यह पुण्य कार्य धीघड़िया निवासी राकेश कुमार यादव द्वारा अपनी पोती के जन्म के उपलक्ष्य में किया गया।जानकारी के अनुसार संजू देवी पत्नी दीपक कुमार यादव ने एक स्वस्थ एवं सुंदर कन्या को जन्म दिया है। कार्यक्रम का आयोजन योगेंद्र पाल यादव की प्रेरणा से संपन्न हुआ। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में किशोर शर्मा एवं गौरव जांगिड़ ने भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर माहौल को श्रद्धामय बना दिया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. संदीप कुमार सहित सविता देवी, सरोज कुमारी, दिनेश यादव, राजेश सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें। संस्थान परिवार द्वारा भामाशाह राकेश कुमार यादव एवं उनके साथ आए अशोक कुमार शर्मा का श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर व पटका पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप कुमार ने कहा कि, 'बेटी का जन्म समाज के लिए सौभाग्य की बात है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है।' संस्थान परिवार द्वारा नवजात बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कोटपूतली-बहरोड़ में डीसीसी एवं डीएलआरसी बैठक सम्पन्नः सीडी रेश्यो 103' पहुंचा, 9004 करोड़ की वार्षिक साख योजना का अनुमोदन

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद** । जिले में वित्तीय समावेशन और ऋण वितरण को गति देने के उद्देश्य से आज डीसीसी एवं डीएलआरसी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओ.पी. साहरण, भारतीय रिजर्व बैंक के एजीएम राजाराम बैरवा, नाबार्ड के एजीएम दीपक जाखड़, पंजाब नेशनल बैंक के उप मंडल प्रमुख नरेश गढ़वाल, जिला उद्योग केंद्र के जीएम बी.एल. सैनी, महिला अधिकारिता विभाग के प्रतिनिधि जुगल किशोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहें। अग्रणी जिला प्रबंधक मोहन लाल मीना ने बैठक की शुरुआत करते हुए बताया कि सितंबर 2025 के 98' सीडी रेश्यो के मुकाबले दिसंबर 2025



में यह बढ़कर 103' हो गया है, यह 5' की वृद्धि जिले में बेहतर क्रेडिट प्रवाह का संकेत है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर तिमाही तक रू7340 करोड़ की वार्षिक साख योजना के विरुद्ध 81' लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अधिकांश सरकारी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की स्थिति बन चुकी है। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि लक्ष्यों के मुकाबले 4-5 गुना गुणात्मक आवेदन तैयार कर बैंकों को भेजे जाएं, लंबित प्रकरणों का 4-5 दिनों में निस्तारण बेहतर प्रगति सुनिश्चित किया जाए, और योजनावार 100' लक्ष्य प्राप्ति करना सुनिश्चित हो। बैठक में यह सामने आया कि कुछ निजी बैंकों द्वारा सरकारी योजनाओं और विगत ACP में शून्य प्रगति रही है, जिस पर कलेक्टर ने गहरा असंतोष जताया। सभी बैंकों को आगामी बैठक में बैंकवार एवं बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि राजाराम बैरवा ने कहा कि छोटे एवं कृषि आधारित ऋणों की स्वीकृति में सिबिल रिपोर्ट के साथ RBI नियमों का पालन करते हुए अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। नाबार्ड एवं अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2026-27 के लिए रू9004 करोड़ की वार्षिक साख योजना प्रस्तुत की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 23' अधिक है। सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से योजना को मंजूरी दी। बैठक के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक मोहन लाल मीना ने सभी उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया।

# नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को अदालत ने सुनाई सजा

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । सोमवार को अमित गर्ग, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फतेहाबाद द्वारा आरोपी रिंकल्जीत सिंह उर्फ रिंका को पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत दोषी करार देते हुए उसे पांच वर्ष का साधारण कारावास तथा 25 हजार रुपए का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी रिंकल्जीत सिंह उर्फ रिंका को अतिरिक्त तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। इस मामले की पैरवी अभियोजन पक्ष की ओर से श्री नवदीप, सहायक जिला न्यायवादी द्वारा प्रभावी ढंग से की गई। मामले की जानकारी देते हुए डॉ. सुनील कुमार खीची, उप निदेशक अभियोजन, फतेहाबाद तथा देवेंद्र कुमार मित्तल, जिला न्यायवादी, फतेहाबाद ने बताया कि दिनांक 19.08.2024 को शिकायतकर्ता द्वारा थाना सदर रतिया में एक लिखित शिकायत दी गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी रिंकल्जीत सिंह उर्फ रिंका ने जबरदस्ती छेड़छाड़ की तथा उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। घटना के समय पीड़िता की छोटी बहन भी मौके पर मौजूद थी, जिसने शोर मचाया। प्रत्यक्षदर्शी के हस्तक्षेप के कारण आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए। अनुसंधान उपरांत, प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष द्वारा ठोस साक्ष्य एवं सुसंगत गवाह प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर माननीय न्यायालय श्री अमित गर्ग, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फतेहाबाद ने आरोपी रिंकल्जीत सिंह उर्फ रिंका को दोषी ठहराया। अभियोजन अधिकारियों डॉ. सुनील कुमार खीची, उप निदेशक अभियोजन, फतेहाबाद तथा श्री देवेंद्र कुमार मित्तल, जिला न्यायवादी, फतेहाबाद ने बताया कि यह निर्णय समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति एक कड़ा संदेश देता है तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

# शहीद दिवस पर चिड़ावा में उमड़ा जनसैलाबः महा रक्तदान शिविर में 470 यूनिट रक्त संग्रहित, महिलाओं ने रचा इतिहास

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

अमर शहीदों के बलिदान को नमन करने और मानवता की सेवा के संकल्प के साथ 23 मार्च को चिड़ावा में 'महा रक्तदान शिविर' का भव्य आयोजन हुआ। युवा जनशक्ति फाउंडेशन और राजस्थान शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में युवाओं और महिलाओं का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर शहीदों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झुंझुनू जिला कलेक्टर अरुण गर्ग अपनी पत्नी ममता गर्ग के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सीएमएचओ छोटे लाल गुर्जर, उपखंड अधिकारी नरेश सोनी, नगरपालिका ईओ दिनेश नूनिया, नायब तहसीलदार बलबीर और आरपीएस दौलत राम शामिल हुए। खास बात यह रही कि प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को इस पुनीत कार्य के



लिए प्रेरित किया। फाउंडेशन की अध्यक्ष नीतिका थालोर ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक अनवरत चला, जिसमें कुल 470 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि महिलाओं की भागीदारी रही; करीब 65 महिलाओं ने रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। जिला कलेक्टर ने इसे महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। इस मौके पर फाउंडेशन की ओर से जिला कलेक्टर को एक मांग पत्र भी सौंपा गया। इस पत्र पर 470 रक्तदाताओं के हस्ताक्षर थे। मांग पत्र के जरिए चिड़ावा-पिलानी मार्ग स्थित बाईपास चौराहे के सर्किल का नाम 'शहीद भगत सिंह सर्किल' करने का आग्रह किया गया है।

आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन की महिला टीम की सुनीता चौधरी, डॉ. आबिदा खान, अंजना चौधरी, दीपा, पवन कटेवा और कविता पूनिया सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। हजारों की संख्या में शहरवासी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाने पहुंचे।

'शहीदों के बलिदान को नमन, रक्तदान से बचाएं जीवन' – इस नारे को चिड़ावा की जनता ने आज सच कर दिखाया है। मैं सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

**नीतिका थालोर, अध्यक्ष, युवा जनशक्ति फाउंडेशन**

# बाबा मालदास की 48वीं समाधिस्थ दिवस पर संतों के सानिध्य में आयोजित हुई भजन संध्या

## यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने समाधि पर धोक लगाकर की खुशहाली की मंगल कामना

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

सिद्ध संत श्री 1008 बाबा मालदास की 48वीं समाधिस्थ दिवस पर राजपुरा स्थित आश्रम में संतों के सानिध्य में भजन संध्या आयोजित हुई। इससे पूर्व आश्रम के सेवकों, भक्तों व श्रद्धालु भक्तों ने समाधि के दर्शन कर मत्था टेककर मनोकामना की। आयोजित भजन संध्या में संत शिरोमणि प्रकाश दास महाराज निवाई, विक्रम नाथ महाराज,निश्चल नाथ महाराज, स्मृति नाथ महाराज, मुक्तिनाथ महाराज, सोमनाथ महाराज, सुंदरनाथ महाराज, महेश नाथ महाराज, राजूदास महाराज, शांति नाथ महाराज सहित स्थानीय




कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, डॉ नेमीचंद पुनिया, राजेश खाखल, नवरंग चौधरी लालासी, महावीर मातवा, मनोज रूहेला आदि मौजूद थे। इस अवसर पर बाबा मालदास सेवा समिति के सदस्य जगदीश सरपंच, सुल्तान पुनिया,गुलाब पुनिया, बिरजू, सरपंच रणजीत, महेश फ़ौजी खालिया, महेंद्र पुनिया,बलवेन्द्र पुनिया, धर्मेंद्र हुड्डा, राजेंद्र पुनिया, राजेश शेखावत, राजकुमार शर्मा, रामलाल मीणा, जगदीश सर्वा इन्द्राज पुनिया, अर्जुन कुमावत, हरिराम कुमावत, विनोद खाखल, शीशराम,अरूण पुनिया, रजनीश पुनिया, सुभाष पुनिया मास्टर, मुकेश पुनिया, धर्मेंद्र सर्वा, मुकेश,राजू पुनिया, रमेश सुबेदार ने संतों व अतिथियों का स्वागत किया। संचालन ओमप्रकाश पुनिया व हरलाल पुनिया ने किया। जबकि ?तेजा बोर्ड के पूर्व सदस्य बिजेंद्र पुनिया ने आभार जताया।

# मुण्डावर नगरपालिका क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापनः जनता की आवाज को सुना जाएगा!

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद** । मुंडावर में जन समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने मिलकर मुंडावर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि सोनू भारद्वाज, पूर्व प्रधान ईश्वर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सांवरिया, पंकज शर्मा, राजेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंगल, किशन लाल सांवरिया, रंजीत मीणा, रामनिवास गुर्जर, दयाराम गुर्जर, बलवीर गुर्जर प्रधान, सोमपाल गुर्जर, चंद्रकांत कौशिक, लालाराम गुप्ता, कपिल सिंधी, सीताराम मुंशी सहित नगर पालिका क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और समाज के लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर क्षेत्र की 13 प्रमुख समस्याओं को प्रशासन के सामने मजबूती से रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में मांग की गई है कि आवासीय पट्टे बिना भेदभाव के शीघ्र जारी किए जाएं, विकास कार्यों के टेंडर शीघ्र जारी हों, और शहर के प्रमुख बाजारों में शौचालय का निर्माण किया जाए ताकि आमजन व महिलाओं को परेशानी न हो। इसके अलावा, ज्ञापन में सड़क व नालियों की सफाई, पानी की निकासी, खराब सिंगल फेज बोरिंग की मरम्मत, और विभिन्न मोहल्लों में पानी की टंकियों का निर्माण जैसी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। निवासियों ने मांग की है कि नगरपालिका द्वारा ऑक्टागा पोल लाईटें लगवाई जाएं और ग्राम रेणाग़िर से ततापुर मुख्य सड़क पर मांगेराम के स्टेट हाइवे तक लाईटों की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि बंजारा बस्ती में पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था के लिए पाईप लाईन डलवाई जाए और स्थाई सीमेंट की 4-5 टंकियों का निर्माण कराया जाए। उपखण्ड अधिकारी से अनुरोध किया गया है कि इन सभी समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सकें।

# फतेहाबाद अरोड़वंश धर्मशाला में लैंड मॉर्टगेज बैंक की बैठक

## किसानों को ऋण योजनाओं व ओटीएस का लाभ लेने का आह्वान

## ओटीएस योजना के तहत आधा ब्याज व जुर्माना माफ, 31 मार्च तक मौका

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा** । हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा ने अरोड़वंश धर्मशाला में स्थित लैंड मोर्गेज बैंक में फतेहाबाद में फतेहाबाद, हिसार व सिरसा जिलों के बैंक अधिकारियों और किसानों के साथ बैठक की। इस दौरान लैंड मॉर्टगेज बैंक से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में चेयरमैन ने बताया कि लैंड मॉर्टगेज बैंक द्वारा किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए नई ऋण योजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें शिक्षा के लिए ऋण, शहरों में मकान निर्माण हेतु ऋण तथा वाहन खरीदने के लिए ऋण जैसी सुविधाएं शामिल हैं, जिससे विभिन्न वर्गों को आर्थिक सहायता मिल सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 9 दिसंबर 2025 को अतिदेय डिफाल्टर



किसानों के लिए एकमुश्त ऋण निपटान योजना (ओटीएस) लागू की गई थी। इस योजना के तहत किसान यदि अपना मूलधन जमा करवा देते हैं तो उन्हें आधे ब्याज व जुर्माना ब्याज में छूट का लाभ मिल रहा है। वहीं, मृतक किसानों एवं विधवा श्रेणी के परिजनों को केवल मूलधन जमा कराने पर पूरा ब्याज और जुर्माना ब्याज माफ किया जा रहा है। यह योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने सभी पात्र किसानों से अपील की कि वे जिले की लैंड मॉर्टगेज बैंक शाखाओं– फतेहाबाद, रतिया, टोहाना और भुना में संपर्क कर इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया गया कि जिले में अब तक 347 किसान इस योजना के तहत लगभग 5 करोड़ 72 लाख रुपये की ब्याज माफी का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप गोदारा तथा फतेहाबाद जिले के बैंक चेयरमैन एडवोकेट कृष्ण बड़ोपलिया सहित अन्य अधिकारी व किसान उपस्थित रहे।

# शहीद नरेंद्र बेरवाल के परिवार से मिला प्रतिनिधि मंडल, दी आर्थिक सहायता



भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं/पिलानी।

2 अप्रैल 2018 को एससी/एसटी समाज के अधिकारों के लिए हुए आंदोलन में शहीद हुए नरेंद्र बेरवाल के परिवार से सोमवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने उनके गांव श्री सरदारपुरा (लोयल) पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान शहीद के परिजनों का हालचाल जाना गया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। मौके पर जानकारी मिली कि शहीद नरेंद्र बेरवाल के पिता सुरेश कुमार मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। परिवार में उनकी दो बहनें हैं, जो वर्तमान में कॉलेज में अध्ययनरत हैं। इस अवसर पर झाबरराम काला फाउंडेशन, पिलानी के संस्थापक चेयरमैन बलबीर सिंह काला द्वारा शहीद की माता को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रामानंद आर्य, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, राकेश चनाना, अरविंद, नंदलाल, राजेंद्र देबाना, जितेंद्र कुमार, कैलाश (तारा का बास), अनिल, रामस्वरूप बेरवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि समाज उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा तथा परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

# विद्यार्थी परिषद ने मनाया शहीद दिवस



भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शहीद दिवस के उपलक्ष पर राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया । परिषद के भाग संयोजक गगन चौधरी ने बताया शहीद भगत सिंह जी की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित करके महाविद्यालय मे शहीद दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य पर नंदनी , कोमल, ज्योति, अनमोल चौधरी, मोहित गुर्जर, रामदयाल चौधरी, प्रियांशु नरोडडा, अमित गुर्जर, गणेश, सुमित तँवर, मनीष, नितिन, योगेश, राहुल, रविंद्र, अभिषेक, संजू, राजकमल व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहें।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य के लिए महेंद्र कुमार माली का किया अभिनंदन

## समाजसेवा को समर्पित करने का लिया संकल्प

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

सरकारी शिक्षक के रूप में तीन दशक व आदर्श विद्या मंदिर में करीब एक दशक तक शिक्षक के रूप में सफलतापूर्वक सफर तय करने वाले सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार माली का लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवा के लिए अभिनंदन किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित गरिमामय एवं संक्षिप्त समारोह में ट्रस्ट संरक्षक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक रामनिवास शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जोशी, पशुपालन विभाग के सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ अशोक सैनी, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी एवं शिक्षाविद महेंद्र कुमार माली मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के संयोजक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने किया । आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने शिक्षक के रूप में बेदाग पारी खेलने पर महेंद्र कुमार माली को बधाई दी। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संरक्षक एवं शिक्षाविद रामनिवास शर्मा ने कहा कि एक शिक्षक के जीवन में दो ही महत्वपूर्ण दिन होते हैं–एक सेवा में प्रवेश का और दूसरा सेवानिवृत्ति का। इन दोनों के बीच की यात्रा ही शिक्षक की असली पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि महेंद्र कुमार माली ने अपने कार्यकाल में केवल कक्षा तक ही सीमित न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष जोशी ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों



की जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट 'सेवा, संस्कार और स्वाभिमान' की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट दिव्यांग सहायता, पेंशन कार्य, भोजन वितरण, सर्दियों में कंबल वितरण, गर्मियों में पक्षियों के लिए परिंडे लगाना, पौधारोपण सहित अनेक सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में उत्कृष्ट सेवा देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान भी किया जा रहा है।उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार माली ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे अपना शेष जीवन शिक्षा एवं समाज सेवा के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जब भी ट्रस्ट उन्हें सेवा कार्यों के लिए बुलाएगा, वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से दुपट्टा पहनाकर व नगर की धरोहर का प्रतीक भेंट कर अभिनंदन किया तथा मिठाई खिलाई कर बधाई दी। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा,संरक्षक रामनिवास शर्मा, सुभाष चन्द्र जोशी,प्रकाश पासोरिया, गिरधारी लाल जाजोदिया, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, रामपाल कुमावत, पवन कस्वा, लोकित दईया, रोहित दईया, विवेक तंवर, महेंद्र घासोलिया, डॉ अशोक सैनी, सज्जन कुमार सैनी,रामस्वरूप पीटीआई, नथमल मावलियों की ढाणी, सुशील कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी सहित ट्रस्ट के संरक्षक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# 6 अप्रैल को आयोजित भगवा रैली का पोस्टर विमोचन

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा** । कस्बे में पांच बत्ती के निकट गणेश जी के मंदिर में भगवा रैली का पोस्टर विमोचन किया गया। 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली भगवा रैली का प्रचार प्रसार जोर शोर से किया जा रहा है। इस बार भी हर साल की




भांति ऐतिहासिक भगवा रैली निकाली जाएगी। इस अवसर तहसील संयोजक रणसिंह,सुनिल कुमार नगर संयोजक, अशोक (बाबा) रामकृष्ण(कानु), हिमांशु कुमावत, मयंक गोरक्षक, प्रियांशु, मंगल, अशोक सैनी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति बढी जागरूकता

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में सोमवार को एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत घस्सू निवासी नैन्सी चौधरी एवं रुचिका भास्कर को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। नैन्सी चौधरी वर्तमान में कक्षा 10 की छात्रा है तथा वह प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ डॉ.



अटल भास्कर की भतीजी हैं। उनके पिता डॉ. विकास भास्कर उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं एवं माता श्रीमती सरोज थालौड़ राजकीय सेवा में शारीरिक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। साथ ही उनके दादाजी रिछपाल सिंह भास्कर पूर्व प्राचार्य, राजकीय जीएनएम नर्सिंग सेंटर सीकर रहे हैं। इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश गया है कि जागरूक एवं शिक्षित परिवार अपनी बेटियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने भी एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर आमजन से अपील की गई थी, जिससे इस अभियान को और अधिक गति मिली है। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एक सुरक्षित एवं अत्यंत प्रभावी उपाय है। विशेषज्ञों के अनुसार यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से लगभग 99.99 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करने में सहायक मानी जाती है। निजी बाजार में इसकी कीमत लगभग 4 हजार रुपए तक होती है, जबकि सरकारी अभियान के अंतर्गत यह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।भारत सरकार एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार के तत्वाधान में प्रारम्भ इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की सिंगल डोज लगाई जा रही है। टीकाकरण से पूर्व यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ के टीकाकरण कक्ष में यह वैक्सीन प्रतिदिन राजकीय अवकाश को छोड़कर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध है। सोमवार को टीकाकरण सत्र के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अटल भास्कर के अलावा उपनियंत्रक डॉ. शीशराम चौधरी, बीसीएमओ डॉ. दिनेश कस्वां, वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विमल भूरिया, बीपीएम विकास तूनवाल सहित एएनएम सरस्वती पीके, अनीता, सुनीता, छोटी देवी एवं बबीता आदि उपस्थित रहे।प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. अटल भास्कर ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांतियों पर विश्वास न करें तथा अपनी बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय पर एचपीवी वैक्सीनेशन अवश्य करवाएँ। यह वैक्सीन भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है।उन्होंने सभी अभिभावकों से इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं अधिक से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## मेवाड़ विकास एवं स्वच्छ राजस्थान के तत्वावधान में नारी गौरव सम्मान

# कार्यक्रम संस्कारों की धरोहर, स्वाभिमान की पहचान है मेवाड़ की नारी : के.के. गुप्ता

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** मेवाड़ विकास मंच एवं स्वच्छ राजस्थान अभियान के संयुक्त तत्वावधान में मेवाड़ नारी गौरव सम्मान-2 सम्मान समारोह आयोजित सभागार, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 111 प्रतिभाशाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए के.के. गुप्ता ब्राण्ड एंबेसडर स्वच्छ राजस्थान अभियान राजस्थान सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान राष्ट्रीय मिशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेवाड़ नारी गौरव सम्मान केवल पुरस्कार वितरण समारोह नहीं है बल्कि यह एक संकल्प है- मेवाड़ को स्वच्छ, सुन्दर और सशक्त बनायेगे। आज उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है जिन्होंने अपने कार्यो से न केवल स्वंय का तथा अपने परिवार का नाम गौरान्वित किया है अपितु मेवाड़ का मस्तक भी ऊँचा किया है। राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री ने मुझे तीसरी बार स्वच्छ राजस्थान बनाने की कमान सौपी है मुख्यमंत्री की सोच है राजस्थान स्वच्छ, समृद्ध तथा सशक्त राजस्थान बने परन्तु राजस्थान स्वच्छ बिना मातृशक्ति के सहयोग से नहीं बन सकता तथा जब तक स्वच्छ नहीं बनेगा राजस्थान समृद्ध एवं सशक्त राजस्थान नहीं बन सकता। स्वच्छता को समझने की आवश्यकता है। इससे न केवल स्वस्थ्य रहते है अपितू हमारी



उम्र भी बढती है तथा यह इंसानों के साथ-साथ देवी देवताओं का भी प्रिय है।

### स्वच्छता लागू करने के सूत्र :-

स्वच्छता मिडिया में छपने एवं भाषणों में बोलने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए स्वच्छता वह है- जिसमें गन्दगी आंखों से नजर नहीं आये, प्लास्टिक की थैलियां खुल्ले में नजर नहीं आये, सडकों पर गाय घुमती नजर नहीं आये, कचरा यार्डो में आग न लगे, बगीचे साफ सूथरे हो तथा कुत्ते घुमते नजर न आऐ, सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय बिलकुल साफ हो तथा हर व्यक्ति की जवान पर स्वच्छता के चर्चे हो, वाह कितना साफ शहर है!

### स्वच्छता की जिम्मेदारी :

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को शहर को स्वच्छ-सुन्दर तथा हरा भरा बनाने हेतु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं यशस्वी मुख्यमंत्री के संकल्प को अपने शहर में उतारने हेतु संकल्प लिया गया। मेवाड़ जन शक्ति दल के अध्यक्ष नरेश शर्मा एवं उनकी पूरी टीम भी स्वच्छता में रात-दिन लगी हुई है यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। आज विश्व जल दिवस पर 111 मातृशक्ति का सम्मान होना मातृशक्ति के लिए गौरव दिवस है। मुख्य अतिथि चेतना भाटी, पुलिस उपाधीक्षक उदयपुर ने काव्यात्मक शैली मे बेटियों का हमारे जीवन मे महत्वपूर्ण स्थान को परिलक्षित किया। भाटी ने कहा सभी पुरस्कृत महिलाओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में नारी शक्ति ही सबसे बड़ा योगदान दे सकती है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर मीरा माथुर डीन, छात्र कल्याण मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर पर्यावरण शिक्षा पर प्रकाश डाला एवं इसे अपने दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान देना होगा। विशिष्ट अतिथि रश्मि श्रीवास्तव ने अपने उदबोधन मे कहा कि महिलाओ को अपने अधिकारों को समझना होगा एवं समाज के प्रत्येक नागरिक को महिलाओ के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होना होगा कर्तव्य निभाना मजबूरी नहीं एक जिम्मेदारी और जागरूकता है। विशिष्ठ अतिथि डॉ. मेजर अनिता राठौड़ असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल विभाग) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय ने मेवाड की गौरवशाली महिलाओ के स्वाभिमान के इतिहास को बताते हुए, प्रशासन एवं सामाजिक व्यवस्था को नारियो के सुरक्षा के प्रति सजग होते हुए कहा कि हर दिन होगा नवरात्री, जब सुरक्षित होगी हर नारी है।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ गाँधी ने कहा आज का यह कार्यक्रम नव चेतना नव संचार लिए देश के आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली नारी शक्ति को समर्पित है। डॉ गाँधी ने कहा की आजाद रहिए विचारों से बने रहिए संस्कारों से लेकिन आजादी की उड़ान इतनी भी ऊंची ना हो कि संस्कारों की धरती छूट जाए। अपने बच्चों को दीजिये खुलकर जीने की आजादी पर इतनी नहीं की धर्म संस्कार ही भूल जाए, आँच उतनी ही अच्छी की भोजन पक जाए उतनी नहीं के बर्तन ही जल जाए। डॉ गाँधी ने संयोजक समिति के सदस्य शिरीष नाथ माथुर, प्रवीण नाहर, संतोष शाक्य, सुरेश पालीवाल एवं उपस्थित सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, साउंड सिस्टम, पत्रकार बधु, एंकरिंग टीम, वालंटियर्स का भी हृदय से धन्यवाद दिया। डॉ गाँधी ने प्रबंध समिति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उपस्थित उदयपुर के गण मान्य नक्षत्र तलेसरा, पारस खुर्दिया, अशोक कटेजा एवं उपस्थित विद्वद्जन, मातृशक्ति का भी हृदय से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन मुनमुन शर्मा एवं मीनल चुग (94.3 माय एफ एम) द्वारा किया गया।

## मंडावा शहर मंडल भाजपा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# वक्ताओं ने पार्टी के कार्य पद्धति पर डाला प्रकाश ,संगठन विस्तार पर दिया बल

## कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे में नगरपालिका चौक पर स्थित महाजन पंचायत भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 जिला कार्य योजना बैठक के तहत भाजपा शहरी मंडल मंडावा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा ने पार्टी के कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला और इस सत्र को अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष महाबीर ढाका ने की। दूसरे सत्र में मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने बूथ प्रबंधन पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम सैनी ने विचारी अधिष्ठान पर प्रकाश डाला अन्तिम सत्र में पूर्व पार्षद महाअभियान प्रभारी संदीप परिहार ने पार्टी की पंच निष्ठा पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से अनुशासित रहते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया मुख्य आतिथ्य योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं की निष्ठा और अनुशासन में निहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ जनसेवा में सक्रिय रहने और पार्टी



की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने व कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया।मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी द्वारा शिविर में सहयोगी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की जिज्ञासा का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया । इस अवसर पर पूर्व पार्षद इब्राहिम की रंगरेज ,कैलाश पीपलवा ,संजय परिहार ,विद्याधर सैनी ,ज्ञानचंद कुमावत, शिव चरण गाड़िया, दीपक खांडल, अयूब खत्री, अब्दुल रहमान, हनीफ महनसरीया, बाबूलाल सैनी ,राकेश आर्य ,पूर्व पार्षद धर्मपाल आर्य ,संजय जोशी, गोविंद जोशी , राहुल कुमास,बाल मोहन जांगिड़,जगदीश महरिया, राजकुमार सिंघानिया, आलोक शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, महेश पवार ,राजकुमार निर्वाण सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हें।

## फतेहाबाद पुलिस की मानवीय पहलः सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित सहायता

# ईवीआर-218 टीम ने बिना सूचना के महज 02:30 मिनट में तीन घायलों को पहुंचाया अस्पताल

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभा रही है, बल्कि आमजन की सुरक्षा और मानवता की सेवा में भी निरंतर तत्पर है। इसी क्रम में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। ईआरवी-218 की टीम क्षेत्र में गश्त के दौरान जगजीवन पुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के पास पहुंची, जहां तीन व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल अवस्था में पड़े थे। टीम ने बिना किसी कॉल या सूचना का इंतजार किए तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का आंकलन किया और तत्परता दिखाते हुए घायलों को अपनी गाड़ी में बैठाकर मात्र 02 मिनट 30 सेकंड में सरकारी अस्पताल फतेहाबाद पहुंचाया।



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने इस सराहनीय कार्य के लिए ईआरवी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि फतेहाबाद पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में आमजन की सहायता करना भी है। उन्होंने कहा कि ऐसी त्वरित और मानवीय कार्रवाई से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होता है।

इस त्वरित कार्रवाई के चलते घायलों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सका, जिससे उनकी स्थिति को गंभीर होने से बचाया गया। चिकित्सकों द्वारा घायलों का इलाज जारी है और सभी की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।फतेहाबाद पुलिस की यह पहल आमजन के प्रति उसकी जिम्मेदारी और सेवा भाव को दर्शाती है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार तत्परता के साथ जनसेवा कार्य जारी रखे जाएंगे।

# सीआईए फतेहाबाद की सोशल मीडिया पर सख्त नजरः अपराध को बढ़ावा देने वाली आईडी पर प्रभावी कार्रवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के निर्देशानुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि अपराधियों द्वारा फॉलोवर बढ़ाकर अपराध को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में सीआईए फतेहाबाद प्रभारी वेदपाल के नेतृत्व में विशेष कार्रवाई अमल में लाई गई।सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियां सामने आईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त आईडी से जुड़े कुल 10 व्यक्तियों (फॉलोअर्स) को अपराध शाखा फतेहाबाद कार्यालय में तलब किया गया। कार्रवाई के दौरान उपस्थित



सभी व्यक्तियों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले कानूनी परिणामों एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उनके समक्ष ही संबंधित इंस्टाग्राम आईडी को अनफॉलो कर ब्लॉक करवाया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। सभी व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए तथा उनकी संबंधित सोशल मीडिया आईडी की जानकारी पुलिस द्वारा प्राप्त की गई। बताया गया कि उक्त सभी 10 व्यक्ति गांव रतिया तथा आसपास के क्षेत्रों से उपस्थित हुए थे। हाजिर मौजिज व्यक्तियों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करें तथा अपराध को बढ़ावा देने वाले अकाउंट्स से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। सीआईए फतेहाबाद ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर सतत निगरानी जारी है तथा भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाती रहेगी।

# टोहाना पुलिस की बड़ी कामयाबीः महिला से सोने की बाली छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशानुसार जिले में झपटमारी और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक वृद्ध महिला से सोने की बाली छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश उर्फ जग्गा पुत्र देशराज और गंगाराम पुत्र कश्मीर लाल, निवासी गुल्लरवाला के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता जयदेवी (निवासी किला मोहल्ला, टोहाना) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 14 मार्च 2026 की शाम करीब 7:30 बजे जब वह



ब्रहमकुमारी आश्रम, चंडीगढ़ रोड से पैदल अपने घर लौट रही थी, तो रास्ते में एक युवक ने झपट्टा मारकर उनके कान की सोने की बाली छीन ली और मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) के तहत मुकदमा नंबर 81/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस टीम ने वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर दोनो आरोपियों जगदीश उर्फ जग्गा और गंगाराम को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जाँच जारी है ।

### फतेहाबाद पुलिस की अपीलः

एसपी सिद्धांत जैन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे सुनसान रास्तों पर चलते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 पर दें। फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चौबीसों घंटे तत्पर है।

# स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय अटेली में मनाया गया शहीदी दिवस

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में सोमवार को शहीदों की याद में शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के निजी सचिव विकास यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भगत सिंह तथा राव तुलाराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस दौरान सभी ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित गण मान्य लोगों ने कहा कि देश की आजादी और अखंडता के लिए शहीदों का



बलिदान अतुलनीय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदों का जीवन हमें देशभक्ति, त्याग और समर्पण का संदेश देता है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आगे आएं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प भी लिया। अंत में सभी ने एकजुट होकर शहीदों के प्रति सम्मान प्रकट किया और उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस मौके पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौगड़ा अहीर,कनीना ब्लॉक समिति के चेयरमैन जयप्रकाश, मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, घनश्याम सागरपुर, मनजीत, हरपाल, बीरेंद्र, समाजसेवी तेज प्रकाश, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, राजेंद्र लाबा के अलावा अन्य मौजूद रहें।

# इनेलो का युवा सम्मेलन, अभय बोले- राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने खेला किया

भीम प्रज्ञा न्यूज.जींद।

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** शहीदी दिवस पर इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के युवा सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन को बड़ा शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। पार्टी सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में पूरा खेला भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के 5 नहीं बल्कि 9 विधायकों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाला। उन्होंने कहा कि इनेलो ने चुनाव से दूरी बनाकर साबित किया कि वह किसी की बी टीम नहीं है। इनेलो ने सम्मेलन के लिए नरवाना हलके को चुना, जहां पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला पांच बार चुनाव लड़ चुके हैं। कार्यक्रम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस पर आयोजित कर युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया गया। मंच से रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला ने कहा कि शहीद - ए-आजम भगत सिंह का चौधरी देवीलाल से भी संबंध रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों के लिए सख्त मापदंड बनाकर युवाओं को स्थायी रोजगार से दूर रखा जा रहा है, जबकि एचके आरएन के जरिए कम वेतन पर काम कराया जा रहा है। सम्मेलन में अभय चौटाला को भावी मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया गया। अभय ने कहा कि जैसे पहले बुजुर्गों की पेंशन के लिए संघर्ष किया गया, वैसे ही अब बीपीएल राशन कार्डों के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी।

# नवोदय परीक्षा में मानवी यादव ने लहराया परचम, महेन्द्रगढ़ में हासिल की 8वीं रैंक

भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।

विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर की छात्रा मानवी यादव ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में महेन्द्रगढ़ जिले में 8वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मानवी, सुशील यादव (बशीरपुर) की पुत्री हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने




मानवी को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों का पूर्व में भी नवोदय, सैनिक स्कूल व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन होता रहा है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल एवं नवोदय विद्यालय में प्रवेश की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य अजीत सिंह एवं किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए मानवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मानवी के माता-पिता, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# अटेली झंडा चौक से गांव नांगल तक निकली नशा मुक्ति यात्रा, शहीदों को सेवा समिति ने दी श्रद्धांजलि

### भगत सिंह को देश प्रेम ही असली राष्ट्रवाद डा. जितेंद्र पाल

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** शहीदी दिवस के अवसर पर शहीद ए आजम भगतसिंह सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को अटेली झंडा चौक से नांगल गांव के प्राथमिक स्कूल तक नशा मुक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया जिनके अनेक लोग शामिल हुए। यात्रा के गांव में पहुंचने पर गांव में मुख्य मार्ग पर शहीद सूबेदार शीशराम को श्रद्धांजलि देकर गांव के प्राथमिक स्कूल में शहीदे आजम भगतसिंह की शहादत पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चेयरमैन अमरजीत यादव मुख्य अतिथि तथा सचिव मार्केट कमेटी यदुराज यादव वशिष्ठ अतिथि, सुनिल सरपंच विशिष्ट के रूप मौजूद हुए। समारोह की शुरुआत शहीदे आजम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसके बाद



मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि शहीदों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। विशिष्ठ अतिथि यदुराज यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भगतसिंह के विचारों को लेकर चले और अंग्रेजी हुकूमत उनके शरीर को खत्म कर सकी परंतु उनके विचार आज भी जीवित है। क्रांति की मशाल कलम और विचारों पर जलती है और सेवा समिति ऐसे ही महान विचारों को लेकर अपने मानव सेवा के लिए समर्पित होकर काम करेगी। सामाजिक चिंतक डॉ जितेंद्रपाल ने बताया कि हम सब अत्याचार के खिलाफ बोले किस से डरे नहीं तभी शहीदी दिवस मनाना सार्थक है, परंतु वर्तमान में देश में धर्म के नाम पर उन्माद फैला हुआ है जिसे रोकना जरूरी है। शहीदे आजम भगत सिंह सेवा समिति के प्रधान अरुण यादव ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य शहीद भगत सिंह के विचारों तक जन-जन तक पहुंचाना है। इसके अलावा नशा मुक्ति, शिक्षा में सुधार एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक कर धार्मिक अंधता को दूर करना। मंच संचालन सैदपुर के सरपंच विकास यादव ने किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री के पीए विकास यादव, जीतराम सरपंच पाली, नरेंद्र सरपंच चिमनवास, नरेंद्र सरपंच भांडोर, पूर्व सरपंच नांगल लीलाराम, गढ़ी रूथल सुरेश एडवोकेट, प्रदीप पूर्व सरपंच सराय,धर्मेंद सरपंच, धर्मेंद्र तिगरा, भूपेद्र सरपंच नांगल, मनोज बिहाली, जीतराम बाबू जी, कृष्ण बाबू जी,पूर्व सरपंच जयदयाल एवं अनेक गणमान्य लोग लोग उपस्थित थे।

# धोनी ने चेपॉक के मैदान पर वर्ल्ड चैंपियंस को किया सम्मानित, सोशल मीडिया पर छाया ये लम्हा

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले चेपॉक स्टेडियम में हुए खास इवेंट में एमएस धोनी ने कुछ खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जहां फैंस को शानदार माहौल और यादगार पल देखने को मिले।

28 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2026 से ठीक पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने फैंस के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया। 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में टीम ने मीट एंड ग्रीट इवेंट रखा, जहां मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ कई पूर्व दिग्गज भी मौजूद रहे।

### धोनी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने कुछ खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खास तौर पर उन खिलाड़ियों को सम्मान मिला जिन्होंने हाल ही में भारत को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह पल फैंस के लिए बेहद खास और यादगार रहा।

### सैमसन, दुबे और म्हात्रे का सम्मान

सीएसके के तीन खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संजू सैमसन और शिवम दुबे ने टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। धोनी ने चेपॉक के मैदान पर इन तीनों को सम्मानित किया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

### 'रोर 2026' में दिखा दिग्गजों का जमावड़ा

सीएसके ने इस मौके पर 'रोर 2026' नाम से एक भव्य इवेंट भी आयोजित किया। इसमें टीम के कई पूर्व खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें अंबाती रायडू, मैथ्यू हेडन, माइकल हसी, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, लक्ष्मीपति बालाजी और मुथैया मुरलीधरन शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने मिलकर पुराने यादगार पलों को ताजा किया और हल्के-फुल्के अंदाज में एक-दूसरे के साथ समय बिताया। इस इवेंट के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### आईपीएल 2025 का खराब प्रदर्शन

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2025 का सीजन बेहद निराशाजनक रहा था। टीम ने 14 मैचों में केवल 4 जीत दर्ज की और पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रही। यह प्रदर्शन टीम और फैंस दोनों के लिए निराशाजनक रहा।

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। टीम इस बार बेहतर प्रदर्शन कर वापसी करने की कोशिश करेगी। अब सभी की नजर इस बात पर है कि सीएसके इस सीजन में कैसा प्रदर्शन करती है और क्या वह अपनी पुरानी लय में लौट पाती है।



# सीएसके ने रैना और हेडन को हॉल ऑफ फेम अवार्ड से सम्मानित किया




**चेन्नई (एजेंसी)।** पांच बार कि आईपीएल खिताब विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19 वें सत्र की शुरुआत से पहले प्रतिष्ठित हॉल ऑफ फेम पुरस्कार दिये। चेपॉक स्टेडियम में आयोजित 'रोर 26' नाम के एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार टीम के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना और मैथ्यू हेडन दो दिया गया। रैना, सीएसके में ÷चिन्ना थाला÷ के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं। वह सीएसके की ओर से सबसे बड़े मैच विजेता माने जाते हैं। उन्होंने साल 2008 से 2021 तक टीम की ओर से 2010, 2011, 2018 और 2021 में जीत हासिल की है। रैना अभी भी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 5,529 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 2014 चैंपियंस लीग टी20 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबा हेडन ने साल 2008 से 2010 तक सीएसके की ओर से खेलते हुए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हेडन साल 2009 में सीएसक की ओर से औरेंज कैप जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। तब उन्होंने 572 रन बनाए थे। उन्होंने सीएसके की ओर से कुल 1,117 रन बनाए और 8 अर्धशतक लगाए। वह 2010 में आईपीएल जीतने वाली टीम में भी शामिल थे। 'रोर 26' इवेंट इस समारोह में मुथेया मुरलीधरन , अंबाति रायडू सहित पूर्व दिग्गज खिलाड़ी शामिल हुए।

# मुझे 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पसंद नहीं है, आईपील2026 से पहले अक्षर पटेल ने बताई वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स (DC) के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम 10 टीमों वाले इस टूर्नामेंट में ऑलराउंडरों की भूमिका को कम कर देता है, जिसका 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है।



'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को 2023 में लागू किया गया था जो सभी 10 IPL टीमों को मैच की किसी भी पारी में एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने की अनुमति देता है। अक्षर ने कहा, 'सच कहूं तो, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं एक ऑलराउंडर हूं। पहले, आप बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए एक ऑलराउंडर को चुनते थे। लेकिन इस नियम की वजह से, टीम मैनेजमेंट किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है, यह सोचकर कि 'हमें ऑलराउंडर की क्या ज़रूरत है?' क्योंकि मैं एक ऑलराउंडर हूं, इसलिए मुझे यह नियम पसंद नहीं है। साथ ही, नियम तो नियम होते हैं और हमें उनका पालन करना होता है। हालांकि, व्यक्तिगत दृष्टिकोण से मुझे यह नियम पसंद नहीं है।' DC अपना IPL 2026 अभियान एक अप्रैल को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुरू करेगा। यह पहली बार नहीं है जब अक्षर ने इस नियम के बारे में अपनी नाराजगी जाहिर की है। 2024 में छष्ट के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की वजह से उनकी बल्लेबाजी की पोजिशन प्रभावित हुई थी। IPL करियर में 7.3 की इकॉनमी रेट होने के बावजूद अक्षर का पिछला साल गेंदबाज़ी के लिहाज़ से सबसे कमज़ोर रहा - 2019 में DC में शामिल होने के बाद से यह उनका सबसे खराब सीजन था। उन्होंने 11 पारियों में 8.5 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए और सिर्फ 5 विकेट लिए। उन्होंने साफ किया कि पिछले साल गेंदबाजी में उनका खराब प्रदर्शन 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की वजह से नहीं, बल्कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सफल अभियान के दौरान लगी उंगली की चोट की वजह से था।

# भारत की स्टार क्रिकेटर को मिला फरवरी महीने की 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की स्टार क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी महीने के आईसीसी महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के पुरस्कार से नवाजा गया है। अरुंधति को यह पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया है। यह मासिक पुरस्कार रेड्डी के अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला पुरस्कार है।




तेज गेंदबाज अरुंधति ने इस सम्मान पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है और यह और भी खास इसलिए है क्योंकि मुझे ऑस्ट्रेलिया में टी-20 सीरीज जीतने में योगदान देने का मौका मिला। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी आसान नहीं होता और इसी वजह से यह पुरस्कार मेरे लिए और भी ज्यादा मायने रखता है। अइस सीरीज जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है, क्योंकि हम इस गर्मी में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। हमारी टीम काफी संतुलित है। और मुझे पूरा यकीन है कि हम इस टूर्नामेंट में एक ऐसी टीम साबित होंगे जिस पर सबकी नजरें टिकी होंगी।'

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में रेड्डी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। उन्होंने 10.87 की औसत से कुल आठ विकेट लिए और 7.25 की इकॉनमी रेट बनाए रखी। इस दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने सिडनी में खेले गए पहले ही मैच से अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया था। उस मैच में उन्होंने अपने करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट लिए थे, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार भी मिला था।

28 साल की इस गेंदबाज ने अगले दो मैचों में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने कैनबरा में 30 रन देकर 2 विकेट और एडिलेड में खेले गए सीरीज के निर्णायक मैच में 35 रन देकर दो विकेट लिए। भारत की इस ऐतिहासिक जीत में रेड्डी के योगदान की भूमिका निर्णायक रही। भारत ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की। जो 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी-20 सीरीज जीत थी।

# एलएसजी खिलाड़ियों ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए



लखनऊ। लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन ने शनिवार सुबह राम मंदिर अयोध्या पहुंच कर रामलला के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान टीम के मालिक संजीव गोयनका के साथ ग्लोबल क्रिकेट डायरेक्टर टॉम मूडी, मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच भारत अरुण और टीम के कप्तान रिषभ पंत समेत कई खिलाड़ियों ने विधिवत पूजा की। टीम के अन्य खिलाड़ियों में मयंक यादव, हिम्मत सिंह, आकाश सिंह, अक्षत रघुवंशी, प्रिंस यादव, अर्शीन कुलकर्णी, नमन तिवारी और मुकुल चौधरी भी मौजूद रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के चरणों में नमन कर सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। डॉ. गोयनका ने कहा कि भगवान राम का आशीर्वाद मिलने से सभी कार्य सफल होते हैं और सभी ने उनकी शरण में आकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट स्टाफ को प्रसाद तथा रामनामी अंगवस्त्र भेंट किए गए और राम दरबार के दर्शन भी कराए गए। मंदिर परिसर में रिषभ पंत और अन्य खिलाड़ियों को देखकर प्रशंसकों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली। इस बीच, टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों ने ईद का त्योहार भी आपसी सौहार्द के साथ मनाया। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मोहम्मद शमी,मोहसिन खान,आवेश खान,शाहबाज अहमद और अब्दुल समद सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और विशेष व्यंजनों का आनंद लिया।

# केकेआर ने प्रशंसकों के लिए प्रैक्टिस जर्सी पेश की




**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के आगामी सीजन के लिए अपनी प्रैक्टिस जर्सी पेश की है। यह पहली बार है जब फेंचाइजी ने प्रशंसकों के लिए ट्रेनिंग किट पेश की है। यह कदम टीम की ट्रेनिंग जर्सी के शुरुआती अनावरण पर मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया के बाद उठाया गया है। पहली झलक सामने आने के बाद, हजारों फैंस सोशल मीडिया पर आए, उन्होंने डिजाइन की तारीफ की और फेंचाइजी से इसे खरीदने के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस बढ़ती मांग को सुनते हुए केकेआर ने अब प्रैक्टिस जर्सी को अपने फैंस के लिए उपलब्ध करा दिया है। एक नए, आधुनिक अंदाज़ में डिज़ाइन की गई यह जर्सी, टीम की पहचान से जुड़ी रहते हुए भी एक जीवंत, गर्मियों के लिए तैयार अपील रखती है। इसकी सबसे खास बात इसका टाइगर-प्रिंट पैटर्न है, जो बंगाल टाइगर से प्रेरित है - यह उस शक्ति, फुर्ती और निडर भावना का प्रतीक है जो टीम और इस क्षेत्र, दोनों की पहचान है। नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स की मुख्य कार्यकारी बिंदा डे ने कहा, 'प्रैक्टिस जर्सी पर हमारे फैंस की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय थी और इसने सचमुच उस गहरे जुड़ाव की पुष्टि की जो वे ब्रांड के साथ साझा करते हैं। हमने प्रैक्टिस जर्सी के लिए स्पष्ट मांग देखी और महसूस किया कि इसे उपलब्ध कराना ही सही होगा। एक परिष्कृत, गर्मियों के लिए तैयार रंग-रूप में फिर से डिज़ाइन की गई और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार की गई, कोलकाता नाइट राइडर्स की प्रैक्टिस जर्सी उस अनुशासन और तीव्रता को दर्शाती है जो केकेआर की पहचान है।'

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता ईएफएल कप का खिताब, फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराया

**लंदन (एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।




मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं।


काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया।

पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, ÷यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है। हमें यह प्रतियोगिता पसंद है और इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर्सेनल को हराकर इसे जीतना वाकई खास है।

मैनचेस्टर सिटी अब एक इंटरनेशनल ब्रेक पर होगी। टीम अब अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को एफए कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगी। गार्डियोला की टीम अगले हफ्ते चेल्सी में होने वाले प्रीमियर लीग पर ध्यान देगी। मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग टाइटल की दौड़ में बनी हुई है। गार्डियोला की टीम अभी टॉप पर काबिज आर्सेनल से 9 प्वाइंट पीछे है और उन्हें अभी एक मुकाबला खेलना है।

# इंग्लैंड टीम में एजे की जगह न्यूकैसल के बार्न्स शामिल

लंदन। न्यूकैसल के विंगर हार्वे बार्न्स को थॉमस टुचेल की इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने घायल आर्सेनल मिडफील्डर एबेरेची एजे की जगह ली है। एजे रविवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ काराबाओ कप फाइनल में आर्सेनल की 2-0 से हुई हार वाली टीम में शामिल नहीं थे। उन्हें पैर के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। बार्न्स को इससे पहले भी अक्टूबर 2020 में टीम में बुलाया गया था। उस समय उन्होंने वेल्स के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में इंग्लैंड के लिए अपना एकमात्र मैच खेला था। स्कॉटलैंड ने बार्न्स को अपनी अंतरराष्ट्रीय निष्ठा बदलने और इस गर्मी में होने वाले विश्व कप में स्टीव क्लाक की टीम के लिए खेलने के लिए मनाने की कोशिश की थी। 28 वर्षीय बार्न्स अपने दादा-दादी के कारण स्कॉटलैंड की ओर से खेलने के योग्य थे। लेकिन बार्न्स ने स्कॉटलैंड के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। अब उन्हें उरुग्वे और जापान के खिलाफ होने वाले फ्रेंडली मैचों के लिए टुचेल की टीम में बुलाया गया है। इन मैचों में कई ऐसे खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा जो टीम में अपनी नियमित जगह बनाने की दौड़ में हैं। 'थ्री लायंस' (इंग्लैंड टीम) का मुकाबला 27 मार्च को उरुग्वे और 31 मार्च को जापान से होगा। ये दोनों मैच वेम्बली स्टेडियम में खेले जाएंगे। बार्न्स ने इस सीजन में न्यूकैसल के लिए सभी प्रतियोगिताओं में कुल 14 गोल किए हैं।



# विराट ने आईपीएल से पहले आरसीबी को किया सावधान, सभी टीमें हमें हराना चाहेंगी


**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि इस बार का सत्र पहले से कठिन होगा। इसलिए टीम के सभी खिलाड़ियों को और अधिक गंभीरत से खेलना होगा। विराट ने कहा कि इस बार सभी टीमें आरसीबी को हराने का लक्ष्य लेकर उतरेंगी क्योंकि वह मौजूदा चैम्पियन है। ऐसे में सभी टीमें हमारे खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल में आरसीबी का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी के शेयर किए गए एक वीडियो में विराट टीम के खिलाड़ियों से बात करने के दौरान उन्हें उत्साहित करते दिखे। उन्होंने कहा कि पिछले 2 से 3 सत्र में टीम ने काफी मेहनत की है और उसी मेहनत के कारण उन्हें पिछले सत्र में खिताबी जीत मिली थी।



विराट ने खिलाड़ियों से कहा कि इस बार चुनौती और बड़ी होगी, इसलिए शुरुआत से ही पूरी ताकत से खेलना होगा। कोहली ने कहा, हमने पिछले 2-3 साल में जो हासिल किया, उसके लिए बहुत मेहनत की पर अब चुनौती और कठिन होने वाली है क्योंकि बाकी टीमें हमें हराने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी। हमें अभी से स्विच ऑन होना होगा और हर सेशन में आना सौ फीसदी से अधिक देना होगा।

RCB ने साल 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। तब उसने फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया था। अब टीम IPL 2026 में अपने खिताब का बचाव करने का पूरा प्रयास करेगी और लगातार दूसरी ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगी। टीम के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि इस बार नीलामी में टीम ने काफी अच्छे खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिससे टीम पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि नए खिलाड़ियों को टीम के माहौल में ढालना और सीनियर खिलाड़ियों के साथ सही तालमेल बनाना इस सत्र में सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। गौरतलब है कि विराट आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने आईपीएल में 267 मैचों में 8661 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं। आईपीएल में अब विराट कोहली इस सत्र मे भी अधिक से अधिक रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही नये रिकार्ड अपने नाम करना चाहेंगे।

# आरसीबी को शुरुआती मैचों में हेजलवुड की कमी खलेगी : श्रीकांत




मुम्बई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर कृष्णामाचारी श्रीकांत ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 में शुरुआती मैच में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। इसका कारण है कि पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण हेजलवुड शुरु के मैचों में नहीं खेल पायेंगे। ऐसे में रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी के लिए हेजलवुड की कमी पूरी करना आसान नहीं रहेगा। श्रीकांत ने कहा है कि इस तेज गेंदबाज का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेजलवुड ने पिछले सत्र में 12 मैचों में 22 विकेट लिए थे। तब उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन देकर 4 विकेट था। यही वजह है कि श्रीकांत ने हेजलवुड के नहीं होने को आरसीबी के लिए करारा झटका माना है। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पिछले साल नवंबर के बाद से ही पेशेवर क्रिकेट से दूर हैं। वह एशेज सीरीज और टी20 विश्वकप भी नहीं खेल पाये। हैमस्ट्रिंग के बाद उनको एंकल इंजरी का सामना करना पड़ा। श्रीकांत ने एक वीडियो में कहा, हेजलवुड का न होना एक बड़ा झटका है। अगर वह दो सप्ताह भी फिट नहीं होते, तो भी वे वहां तीन से चार मैच खेल लेते। उनके बिना, टीम की गेंदबाजी कमजोर हो जाएगी। उनका कोई भी विकल्प नहीं है। जैकब डफी भी खराब गेंदबाज नहीं है पर विश्व कप में वह विफल रहे थे। यह देखना होगा कि वह आईपीएल में चल पाते है या नहीं। उन्होंने साथ ही कहा, हेजलवुड के बिना आरसीबी की 25 फीसदी उम्मीद कम हो वह न सिर्फ गेम-चेंजर हैं, बल्कि मैच-विजेता भी हैं। वह जो डर पैदा करता हैं, वह बुमराह जैसा ही है। हेजलवुड उस शानदार टेस्ट मैच लेंथ पर गेंदबाजी करते हैं, जहां बल्लेबाज आगे या पीछे नहीं जा सकता।

# धोनी के इस बार आईपीएल से संन्यास लेने की अटकलें तेज हुईं

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी 44 साल के हो गये हैं। ऐसे में उनके संन्यास की अटकलें जोर पकड़ती जा रही हैं। इस बार माना जा रहा है कि वह अंतिम बार लीग से खेलते दिखेंगे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह स्टेडियम में पहुंचे तो हर तरफ से 'थाला थाला' सुनाई देना लगा। उनकी आवाज सुनकर प्रशंसक भी भावुक दिखे। वहीं धोनी पूर्व क्रिकेटरों सुरेश रैना और डीजे ब्रावो के साथ नजर आये। इससे भी प्रशंसकों को लगा रहा है कि ये धोनी का अंतिम आईपीएल रहेगा।

प्रशंसक सीएसके के 'रोर 26' इवेंट के लिए स्टेडियम में पहुंचे थे। कुछ सीएसके खिलाड़ियों ने मैदान पर अभ्यास किया, वहीं कुछ बातें करते दिखे। वहीं पहली बार टीम में शामिल जब नए खिलाड़ी संजू सैमसन जब मैदान में आए, तब भी जोरदार तालियां बज उठीं। धोनी आईपीएल में अपना 19वां सत्र खेलने जा रहे हैं। उनकी ताकत पहले जैसी नहीं रही पर सीएसके के लिए वह आज भी सबसे कीमती खिलाड़ी हैं हालांकि अब वह निचले स्तर पर ही बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं। वहीं चेन्नई के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि धोनी का ये अंतिम आईपीएल रहेगा।

उथप्पा ने कहा, 'आईपीएल 2026 शायद उनका आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि इस साल वह मेंटर-कम-खिलाड़ी की भूमिका में रहेंगे। मुझे नहीं लगता कि वह इस बार नंबर सात पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगता है कि वह नंबर आठ पर बल्लेबाजी करेंगे। वह जानते हैं कि वह धीरे-धीरे बाहर हो रहे हैं, इसलिए अपनी को टीम से अलग कर रहे हैं ताकि उनके बिना भी टीम जीत सके। वह जानते हैं कि तभी कप्तान के तौर पर रुतुराज गायकवाड़ की क्षमता का पता चल सकेगा।'





## एकता कपूर लॉन्च करेंगी 'हुनर' कलाकारों को मिलेगा नया मंच

टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को कई बड़े सितारे देने वाली प्रोड्यूसर एकता कपूर अब टैलेंट मैनेजमेंट की दुनिया में भी कदम रख रही हैं। उनके नेतृत्व वाली कंपनी बालाजी टेलीफिल्म्स ने नए टैलेंट मैनेजमेंट वेंचर 'हुनर' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नई कंपनी खास तौर पर कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने और परफॉर्मेंस के कल्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई गई है। 'हुनर' का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के स्थापित कलाकारों के साथ-साथ नए क्रिएटर्स और एक्टर्स को भी एक ऐसा प्लेटफॉर्म देना है, जहां उन्हें सही दिशा और मौके मिल सकें।


कंपनी के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म टैलेंट को सिर्फ रिप्रेजेंट करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कलाकारों की आर्टिस्टिक ग्रोथ पर भी काम करेगा। यहां कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर अवसर और एक क्रिएटिव माहौल दिया जाएगा, जिससे वे अपने हुनर को निखार सकें और यादगार कहानियों का हिस्सा बन सकें। नए वेंचर के बारे में बात करते हुए एकता कपूर ने कहा कि बालाजी टेलीफिल्म्स में हमेशा से यह विश्वास रहा है कि टैलेंट तभी चमकता है, जब उसे सही माहौल और प्रोत्साहन मिले। उनके मुताबिक, 'हुनर' के जरिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने की कोशिश है, जहां कलाकारों को सिर्फ मैनेज नहीं किया जाएगा, बल्कि उन्हें समझा भी जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का मकसद कलाकारों को सोच-समझकर गाइडेंस देना, उनकी खूबियों के हिसाब से मौके तलाशने में मदद करना और उनके लंबे समय तक विकास में साथ देना है। एकता के अनुसार, यह पहल कलाकारों को एक्सपेरिमेंट करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का मौका देगी। इस नए वेंचर के लॉन्च को सेलिब्रेट करने के लिए मुंबई के प्रतिष्ठित फेयरमोंट मुंबई में एक एक्सक्लूसिव 'हुनर लॉन्च पार्टी' का आयोजन किया जाएगा। इस खास शाम में बॉलीवुड और टेलीविजन इंडस्ट्री के कई दिग्गज सितारे, क्रिएटर्स, इंडस्ट्री लीडर्स और मीडिया से जुड़े लोग शामिल होंगे। एकता कपूर लंबे समय से नए टैलेंट को मौका देने के लिए जानी जाती हैं। उनके प्रोडक्शन हाउस ने इंडस्ट्री को कई बड़े कलाकार दिए हैं। ऐसे में 'हुनर' के जरिए वह अपने इसी विजन को और आगे बढ़ा रही हैं। इस पहल के साथ बालाजी टेलीफिल्म्स न सिर्फ कहानी कहने की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कलाकारों के लिए एक ऐसा मंच भी तैयार कर रहा है, जहां वे सीख सकें, बढ़ सकें और अपनी पहचान बना सकें।



# आउटसाइडर्स को मौका देंगी आलिया भट्ट

## करण बोले- मुझे तुम पर गर्व है

बॉलीवुड में लंबे समय से 'इनसाइडर वर्सेस आउटसाइडर' की बहस चलती रही है। ऐसे में जब भी कोई बड़ा स्टार नए टैलेंट को आगे बढ़ाने की बात करता है तो वह चर्चा का विषय बन जाता है। अब इसी कड़ी में अभिनेत्री आलिया भट्ट का बयान सामने आया है, जिसने इस बहस को एक नई दिशा दे दी है। आलिया ने कहा कि वह अपने प्रोडक्शन के जरिए आउटसाइडर्स को लॉन्च करेंगी। दरअसल, आलिया भट्ट शुक्रवार को अपनी नई प्रोडक्शन फिल्म 'डोंट बी शाई' के लॉन्च इवेंट में शामिल हुई थीं। यह फिल्म अमेजन के ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो के एक बड़े इवेंट के दौरान पेश की गई, जहां कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा भी हुई। इसी दौरान स्टेज पर आलिया और फिल्ममेकर करण जौहर के बीच एक दिलचस्प बातचीत देखने को मिली, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। इवेंट में करण जौहर ने हल्के-फुल्के अंदाज में आलिया की तारीफ करते हुए कहा कि वह अब एक समझदार और अनुभवी प्रोड्यूसर बन गई हैं। उन्होंने कहा, ''आलिया, आपने सच में प्रोड्यूसर होने की कला में महारत हासिल कर ली है, क्योंकि आपके जवाब मेरे सवालों से बहुत अलग लगते हैं।'' आलिया ने इसका जवाब देते हुए कहा, ''हां करण, क्योंकि एक्टर्स को लॉन्च करने का एक तरीका होता है।''



करण जौहर ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए मजाक में कहा कि शायद उन्हें एक्टर्स को लॉन्च करने के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह कहते हुए कि उन्होंने जब आलिया को अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के बारे में याद दिलाया और कहा कि उन्होंने इस फिल्म के जरिए उन्हें लॉन्च किया था तो इस पर एक्ट्रेस ने कहा, ''अच्छा, मैं क्या कह सकती हूं? सबसे अच्छे लोगों ने हमें हमेशा सिखाया है कि हर चीज की एक टाइमिंग होती है।'' इसी दौरान करण जौहर ने एक अहम सवाल पूछा कि क्या आलिया जिन कलाकारों को लॉन्च करने जा रही हैं, वे 'आउटसाइडर्स' हैं। इस पर आलिया ने बिना किसी हिचकिचाहट के 'हां' कहा। यह जवाब सुनकर करण जौहर ने कहा कि मुझे आप पर गर्व है आलिया। अगर फिल्म 'डोन्ट बी शाई' की बात करें तो यह एक युवा लड़की श्यामिली 'शाई' दास की कहानी है, जो 20 साल की है और अपनी जिंदगी के सभी फैसले खुद करती है। उसे लगता है कि उसने सब कुछ प्लान कर लिया है, लेकिन अचानक उसकी जिंदगी में ऐसे बदलाव आते हैं जो उसे पूरी तरह से हिला देते हैं। यह कहानी एक साधारण लड़की के असाधारण सफर को दिखाती है, जिसमें भावनाएं, संघर्ष और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिलेगी। यह फिल्म आलिया भट्ट की कंपनी इटरनल सनशाइन प्रोडक्शन और चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर बनाई जा रही है।



## करियर के 10 साल पूरे होने पर मृणाल ने लिखा खास संदेश

मृणाल ठाकुर का फिल्मी करियर दस साल का हो गया है। उनकी पहली फिल्म 'लव सोनिया' आज से दस साल पहले रिलीज हुई थी। पहली ही फिल्म में मृणाल के अभिनय को पसंद किया गया था। अब आज इंडस्ट्री में अपने दस साल पूरे होने पर एक्ट्रेस ने 'लव सोनिया' के समय को याद किया। साथ ही उन्होंने 'लव सोनिया' के फैंस के लिए एक सरप्राइज भी दिया। 19 मार्च को अपनी पहली फिल्म 'लव सोनिया' और अपने करियर के 10 साल पूरे होने पर मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। पोस्ट में मृणाल ने अपने शुरुआती दिनों के बारे में एक बेहद निजी संदेश लिखा। फिल्म के पोस्टर को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज से दस साल पहले... मैंने पहली बार फिल्म सेट पर कदम रखा था। एक सपना, एक शुरुआत, एक ऐसा जीवन जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं हमेशा आभारी रहूंगी।' इस दौरान अपनी पोस्ट में मृणाल ठाकुर ने फैंस के लिए खास घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि 'लव सोनिया' के कुछ अनदेखे डिलीट किए गए सीन ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 24 घंटे में पहली बार हम 'लव सोनिया' के नौ अनदेखे डिलीट किए गए सीन रिलीज करेंगे।

तबरेज नूरानी द्वारा निर्देशित 'लव सोनिया' 2016 में निर्माण शुरू होने के बाद 2018 में रिलीज हुई थी। वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म सोनिया की उस जर्नी को दर्शाती हैं, जिसमें वह अपनी बहन प्रीति को बचाने की कोशिश करती है। जिसे अंतरराष्ट्रीय यौन तस्करी में बेच दिया गया था। कहानी में तब एक भयावह मोड़ आता है, जब सोनिया खुद इस जाल में फंस जाती है।

## वाराणसी के बाद संदीप रेड्डी वांगा की 'डेविल' में दिख सकते हैं महेश बाबू



महेश बाबू इन दिनों निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बड़े बजट की फिल्म में उनके साथ प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्मी गलियारों में चर्चा तेज है कि 'वाराणसी' के बाद महेश निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ नई फिल्म कर सकते हैं। फिलहाल वह 'स्पिरिट' की तैयारियों में व्यस्त हैं, रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने 'डेविल' टाइटल से एक दमदार स्क्रिप्ट भी तैयार कर रखी है। बताया जा रहा है कि यह संभावित फिल्म एक इंटेंस और डार्क थ्रिलर हो सकती है।

## मैं अपनी शर्तों पर जीती हूं, सिंगल रहना मेरी पसंद



अभिनेत्री दिव्या दत्ता पर्दे पर जितने दमदार तरीके से हर एक किरदार को पेश करती हैं, वास्तविक जिंदगी में भी अपनी बेबाकी और सच्चाई से भरी बातों के लिए जानी जाती हैं। इसी कड़ी में दिव्या समाज की पुरानी और पितृसत्तात्मक सोच पर खुलकर बात करती नजर आईं। खास बातचीत में दिव्या ने सिंगल रहने, शादी और मातृत्व को लेकर समाज की अपेक्षाओं पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी इंसान की जिंदगी को एक ही तराजू में नहीं तोला जा सकता और हर किसी की कहानी अलग-अलग होती है। दिव्या से जब पूछा गया कि आज के समय में सिंगल रहना कितना मुश्किल है और क्या समाज अब भी मानता है कि कोई महिला शादी या बच्चे होने से ही 'पूरी' होती है, तो उन्होंने अपनी राय रखते हुए बताया, 'चाहे मेरे पास पार्टनर हो या मैं सिंगल हूं, मैं अपनी जिंदगी का मजा लेती हूं और यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। मुझे लगता है कि हर इंसान की कहानी अलग होती है। यह आम राय बनाना कि पार्टनर होना अच्छा है या सिंगल रहना अच्छा है, यह किसी के लिए भी सही नहीं। जो आपके लिए सही काम करता है, वही सबसे बढ़िया है। मेरे लिए यह सही है और मैं इससे खुश हूं।' उन्होंने आगे कहा, ' मेरा स्पष्ट मानना है कि लोगों को दूसरों की जिंदगी के फैसलों पर राय नहीं बनानी चाहिए। अगर किसी को अच्छा पार्टनर मिल गया, तो उनके लिए सही है। अगर नहीं मिला, तो उन्हें जो सही लगे, वही करना चाहिए। आप किसी की जिंदगी को एक ही तराजू में नहीं तोल सकते। मेरी जिंदगी ऐसी ही रही है और मैं इसका मजा लेती हूं। इसलिए जो भी फैसले मैंने लिए, उन पर मुझे गर्व है।' समाज में आज भी मौजूद पितृसत्तात्मक सोच पर बात करते हुए दिव्या ने कहा, 'तरक्की के बावजूद ये पुरानी सोच बनी हुई है। शिक्षा का इससे कोई लेना-देना नहीं, यह बस एक सोच है। हर इंसान का सफर अलग होता है और उसका सम्मान किया जाना चाहिए, न कि तुलना।

# प्रियन सर के साथ काम करना मनोरंजन का विज्ञान पढ़ने जैसा



**अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म 'भूत बंगला' में राजपाल यादव भी नजर आएंगे। तीनों की यह तिकड़ी पहले 'भूल भुलैया' में काम कर चुकी है। राजपाल कहते हैं कि 'भूत बंगला' की कहानी सिर्फ एक हॉरर कॉमेडी नहीं, बल्कि एक रहस्य से भरी दुनिया है। टीजर में दिखाया गया 'वधुसुर' और मंगलपुर की हवेली दरअसल उस बड़े रहस्य की झलक भर है।' करीब 25 साल के करियर में सैकड़ों किरदार कर चुके राजपाल खुद को आज भी छात्र ही मानते हैं। वह कहते हैं कि 'जब एक्टर किरदार की सोच को समझ लेता है तो उसकी बॉडी लैंग्वेज अपने आप बदल जाती है। मैं कभी किसी की नकल नहीं करता हूं।'**

राजपाल बताते हैं कि, 'प्रियदर्शन के साथ मेरा रिश्ता दो दशक से भी पुराना है। मैंने कभी उनसे स्क्रिप्ट तक नहीं पूछी। जब भी उनका फोन आता है, सिर्फ यही कहते हैं- 'राजपाल, आना है...' तो मैं बिना कुछ पूछे सेट पर पहुंच जाता हूं।
इस फिल्म में हॉरर और कॉमेडी दोनों है। प्रियदर्शन सर के साथ काम करना किसी यूनिवर्सिटी में मनोरंजन का विज्ञान पढ़ने जैसा है। जहां हर एक्टर छात्र होता है।'

### 'छोटा पंडित' के बाद मेरा नया किरदार भी दर्शक पसंद करेंगे

'भूल भुलैया' के बाद से 'छोटा पंडित' के नाम से भी लोकप्रियता मिली। इस पर राजपाल का कहना है कि 'कोई दबाव महसूस नहीं होता। एक कलाकार के लिए हर किरदार 'रसगुल्ले' की तरह होता है, छोटा हो या बड़ा उसका स्वाद मीठा ही होता है।
'भूत बंगला' में भी मेरा किरदार बारीकी से गढ़ा गया है और प्रियदर्शन सर ने इसमें आम आदमी के ऐसे शेड्स दिए हैं, जिनसे दर्शक आसानी से जुड़ पाएंगे और पसंद भी करेंगे।'

### 'भूत बंगला' की हवेली का आर्किटेक्चर ही डर पैदा करता है

बकौल राजपाल, 'किसी भी फिल्म में लोकेशन सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि एक किरदार होती है। जहां 'भूल भुलैया' की हवेली में राजपूताना ठाठ और रहस्य का माहौल था, वहीं 'भूत बंगला' की हवेली का आर्किटेक्चर और अंधेरा अपने आप में अलग तरह का डर पैदा करता है। प्रियदर्शन सर ने इसे ब्यूटीफुल हॉरर की तरह ट्रीट किया है, जिससे दर्शकों को लगेगा कि वे खुद उस बंगले के भीतर मौजूद हैं।'

### अक्की पाजी के साथ काम करना हमेशा रोलर कोस्टर जैसा

अक्षय के साथ फिर से काम करने को लेकर राजपाल कहते हैं कि 'अक्की पाजी की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह हर वक्त लाइव एक्टर जैसे रहते हैं। कैमरा ऑन हो या ऑफ, सेट पर उनका एनर्जी लेवल वही रहता है। शॉट के बीच भी दोनों कलाकार लगातार रिहर्सल करते रहते हैं और सीन में छोटे-छोटे इम्प्रोवाइजेशन जोड़ते हैं ताकि सीन और ज्यादा जीवंत बन सके। अक्षय के साथ काम करना हमेशा रोलर कोस्टर जैसा अनुभव होता है।'



## जहांगीरपुरी में सफाई व्यवस्था बदहाल, लोगों में नाराजगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। जहांगीरपुरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से वार्ड संख्या 18 के आई और जे ब्लॉक में गंदगी का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। जहांगीरपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एम एल भास्कर ने बताया कि इलाके में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण जलभराव तथा कीचड़ की समस्या बनी रहती है। इसके चलते लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है और उन्हें नारकीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गलियों में जमा गंदा पानी बदबू फैलाने के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा रहा है। वहीं, आवागमन में भी लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एम एल भास्कर ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित सफाई नहीं की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और क्षेत्रीय निगम पार्षद पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में तत्काल सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई कराई जाए और कूड़े के ढेरों को हटाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

## सिग्नेचर ब्रिज हादसा : खड़े ट्रक से टकराई बाइक, नाबालिग की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर क्षेत्र में सिग्नेचर ब्रिज के पास सोमवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 17 वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। हादसा रात करीब 2:15 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर कालकाजी मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिग्नेचर ब्रिज के पास खड़े एक ट्रक में पीछे से बाइक टकरा गई, जिससे गंभीर दुर्घटना हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक घायलों को सिविल लाइंस स्थित सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर ले जाया जा चुका था। अस्पताल में डॉक्टरों ने 17 वर्षीय निखिल को मृत घोषित कर दिया, जबकि 16 वर्षीय इंद्रजीत को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एक अन्य युवक को भी हल्की चोटें आई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के समय बाइक नाबालिग निखिल चला रहा था और तीनों बिना सुरक्षा नियमों का पालन किए एक ही बाइक पर सवार थे। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## छावला में जिम पर फायरिंग, गैंगस्टर कनेक्शन की आशंका

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिमी दिल्ली के छावला क्षेत्र में एक जिम पर अज्ञात बदमाशों द्वारा गोलीबारी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के समय जिम बंद होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ, हालांकि शटर और कांच का दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, वारदात का पता तब चला जब सुबह कर्मचारी जिम खोलने पहुंचे। उन्होंने शटर पर गोलियों के निशान और अंदर टूटे कांच को देखा, जिसके बाद जिम मालिक और पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने कम से कम तीन राउंड फायरिंग की। पुलिस को शक है कि इस घटना के पीछे संगठित आपराधिक गिरोह का हाथ हो सकता है। बताया जा रहा है कि जिम मालिक के एक करीबी को हाल ही में रंगदारी की धमकी मिली थी। सूत्रों के मुताबिक, फोन करने वाले ने खुद को हैरी बाक्सर बताया, जिसे कुख्यात गिरोह से जुड़ा माना जाता है। इसी आधार पर पुलिस गैंगस्टर कनेक्शन की दिशा में जांच कर रही है। छावला थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर देश के महान क्रांतिकारियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारत के इन वीर सपूतों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। सचदेवा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वे अमर नायक हैं, जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते प्राण न्यौछावर कर दिए। इन तीनों क्रांतिकारियों ने 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारों से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी और 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में उन्हें फांसी दी गई, जिसे आज 'शहीद दिवस' के रूप में मनाते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उनका बलिदान केवल एक राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि देश के युवाओं के लिए देशभक्ति की एक मशाल थी। आज भी उनका साहस और वैचारिक स्पष्टता करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करती है। इन महान सपूतों का बलिदान इतिहास में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। इसके अलावा दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतीश उपाध्याय ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मालवीय नगर स्थित भगत सिंह पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एमसीडी ने दया बस्ती रेलवे स्टेशन से हटाया 250 मीट्रिक टन लेगेसी कचरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने संकरे रास्तों वाले दया बस्ती रेलवे स्टेशन स्थल पर बड़े पैमाने पर लेगेसी कचरा हटाने का कार्य संपन्न किया। नगर निगम ने गंभीर लॉजिस्टिक चुनौतियों से निपटने के लिए बीआरएन रेलवे वैगनों का रणनीतिक रूप से उपयोग कर कचरे को उठाने और उसके परिवहन की व्यवस्था की। इस पहल ने एमसीडी को घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में कचरा हटाने के कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सक्षम बनाया। निगम ने निर्धारित रेलवे लाइन ब्लॉकेज के दौरान वरिष्ठ जोनल अधिकारियों की उपस्थिति में कूड़े का लोडिंग कार्य किया। कुल 10 बीआरएन वैगनों को सफलतापूर्वक लोड किया गया जिससे दया बस्ती स्थल से लगभग 250 मीट्रिक टन लेगेसी कचरा हटाया गया। करोल बाग जोन के उपायुक्त दिलखुश मीणा ने कहा कि यह पहल दिल्ली में अपनी तरह का पहला मॉडल है, जो लेगेसी कचरे के निस्तारण के लिए रेलवे लॉजिस्टिक्स के प्रभावी उपयोग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए निरंतर जारी रहेंगे।

## दिल्ली में जल संकट : दो दिन प्रभावित रहेगी आपूर्ति, जल बोर्ड की अपील

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में 23 और 24 मार्च को पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने वार्षिक रखरखाव कार्य के चलते यह अस्थायी व्यवधान बताया है और लोगों से पहले से पानी संग्रह करने की अपील की है।

जल बोर्ड के अनुसार, अंडरग्राउंड जलाशयों और बूस्टर पंपिंग स्टेशनों की सफाई के कारण आपूर्ति प्रभावित होगी। 23 मार्च को शालीमार बाग के बीआई और बीडब्ल्यू ब्लॉक, आजादपुर मंडी, सेक्टर 18 व 19 और बदली गांव में पानी नहीं आएगा। वहीं 24 मार्च को शालीमार बाग के यू एवं वी ब्लॉक, पीतमपुरा के एसडी ब्लॉक, आजादपुर मंडी, सेक्टर 18 व 19 और बदली गांव में जलापूर्ति बाधित रहेगी।

जल बोर्ड ने कहा है कि यह कार्य नियमित रखरखाव का हिस्सा है, जिससे भविष्य में बेहतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। असुविधा के लिए खेद जताते हुए विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। आपात स्थिति में जल टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नंबर 1916 सहित विभिन्न जल आपात केंद्रों पर संपर्क किया जा सकता है।

# 'खीर सेरेमनी' के साथ बजट सत्र की शुरुआत, मुख्यमंत्री ने 'विकसित और हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'खीर सेरेमनी' न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरुआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा।

'खीर सेरेमनी' में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा सहित विधायक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह दूसरा बजट दिल्ली के विकास की गति को और तेज करने वाला होगा। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में अग्रसर है, जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उत्कृष्ट शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवेश को प्राथमिकता दी जा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का स्पष्ट विजन है, जिसके माध्यम से एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण तैयार किया जाएगा, जहां आमजन सुख और संतोष के साथ जीवन व्यतीत कर सकें। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और विश्वास से ही सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार 24×7 जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और हर दिन दिल्ली को और बेहतर बनाने के लिए कार्य करती रहेगी।

### खेतड़ी में गुड गवर्नेंस का संदेश देता इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

# विवेकानंद ट्रॉफी के तहत 17 विभागों की टीमें आमने-सामने, उद्घाटन मैच में विद्युत विभाग विजेता

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ खेतड़ी।**

खेतड़ी उपखंड में प्रशासनिक समन्वय, स्वास्थ्य और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेहरू मैदान में उपखंड स्तरीय इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। स्वामी विवेकानंद ट्रॉफी के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता ने मार्च माह के फाइनेंस क्लोजिंग के तनाव के बीच अधिकारियों और कर्मचारियों को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धर्मपाल गुर्जर रहे, जबकि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अध्यक्षता की। प्रतियोगिता के संयोजक एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर डीएसपी जुल्फीकार अली, तहसीलदार सुनील मील, बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, डॉ. महेंद्र सैनी, रेंजर पवन सिंह, सीडीपीओ उमाकांत सुरोलिया, ईओ नागरमल गुर्जर, एईएन सुभाष मीणा, परिवहन निरीक्षक राजेंद्र कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, थानाधिकारी राममनोहर, राकेश कुमार, ओमप्रकाश वर्मा, हरिराम गुर्जर, पूर्व प्रधान मदनलाल गुर्जर और एसआई सुनील सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





### मेहनत और भाईचारे से ही मिलती है सफलता

मुख्य अतिथि धर्मपाल गुर्जर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सफलता उसी को मिलती है जो मेहनत और लगन से कार्य करता है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का आह्वान किया।

### 17 विभागों की टीमें ले रही हैं हिस्सा

एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रशासन, चिकित्सा, वन विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, नगर पालिका, वकील एकादश, पशु चिकित्सा, कृषि, पत्रकार एकादश, विद्युत विभाग, पंचायत समिति और शिक्षा विभाग सहित कुल 17 टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 23 मार्च से 30 मार्च तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से दूधिया रोशनी में आयोजित होगी, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा।

### प्रतियोगिता से बढ़ेगा समन्वय और कार्यक्षमता

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों के मानसिक विकास और कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं। इससे विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है, जिसका सीधा लाभ आमजन को मिलता है। उन्होंने इस नवाचार के लिए उपखंड प्रशासन की सराहना की।

### उद्घाटन मैच में विद्युत विभाग की शानदार जीत

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच परिवहन विभाग और विद्युत विभाग के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए परिवहन विभाग ने 91 रन बनाए। जवाब में विद्युत विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। विद्युत विभाग ने यह जीत कप्तान सुभाष मीणा के नेतृत्व में हासिल की। मैदान में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह प्रतियोगिता न केवल खेल का मंच बनी, बल्कि आपसी सौहार्द और फ्रेंडली समन्वय को भी मजबूत करने का माध्यम साबित हो रही है।

## बजट सत्र बहिष्कार पर प्रवेश वर्मा का हमला, विपक्ष पर लगाए गंभीर आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन विपक्ष द्वारा बहिष्कार किए जाने पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विपक्ष के इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि वह पीएसी और सीएजी की रिपोर्टों से बचने के लिए सदन से दूर भाग रहा है। प्रेसवार्ता में प्रवेश वर्मा ने कहा कि बजट सत्र के दौरान सरकार पिछले एक वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा और आगामी योजनाओं की दिशा प्रस्तुत करती है, लेकिन विपक्ष इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बच रहा है। उनका कहना था कि रिपोर्टों में सामने आने वाली बातों से घबराकर विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अपनी कथित गलतियों और अनियमितताओं का सामना करने से बच रहा है। प्रवेश वर्मा के अनुसार, विपक्ष ने सदन में अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय बाहर प्रदर्शन कर जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से दूरी बनाई है। मंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली में अभी कई विकास कार्य किए जाने बाकी हैं और सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में योजनाओं के लिए धन आवंटित कर रही है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वह सदन की कार्यवाही में भाग लेकर मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाए। प्रवेश वर्मा ने पूर्व सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब विपक्ष सत्ता में था, तब भाजपा के सदस्यों को अक्सर सदन से बाहर कर दिया जाता था। उन्होंने कहा कि अब वही लोग नैतिकता की बात कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। अंत में उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे सदन में उपस्थित रहकर जनहित के मुद्दों पर चर्चा करें और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## कांग्रेस का तंज- पिछले बजट की आधी राशि भी खर्च नहीं कर सकी रेखा सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बजट सत्र से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की कछुआ की चाल की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पिछले बजट में की गई घोषणाओं की वास्तविक स्थिति को सामने रखते हुए कहा कि दिल्ली के विकास के लिए योजनाओं, परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिए निर्धारित 57,850 करोड़ रुपये के बजट में से आधे के बराबर लगभग 43 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की जा सकी। उन्होंने कहा कि इससे रेखा गुप्ता सरकार की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक क्षमता पर गंभीर सवाल खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद, पिछले बजट भाषण में घोषित योजनाओं के लिए दिल्ली को केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलना चिंताजनक रहा है। देवेंद्र यादव ने कहा की इस बार के बजट में भी बीजेपी की दिल्ली सरकार के द्वारा लोक लुहावने वायदे किए जाएँगे ताकि जनता इनकी पिछले एक वर्ष की नाकामियों को भूल जाएं। उन्होंने बताया कि अप्रैल, 2025 से फरवरी 2026 तक के सेक्टर-वार व्यय के अनुसार योजनाओं एवं परियोजनाओं पर केवल 33,234 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए, जो संशोधित बजट का मात्र 57.45 प्रतिशत है। इससे साफ हो गया है कि सरकार अपने ही घोषित बजट को धरातल पर लागू करने में चौतरफा विफल रही।

## केजरीवाल ने शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शहीद दिवस पर देश के महान क्रांतिकारियों- भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान, देशभक्ति और साहस सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1931 में ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को फांसी दी थी। इन तीनों क्रांतिकारियों ने भारत की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## वेलनेस टूरिज्म में दुनिया में अग्रणी है भारत: गजेंद्र सिंह शेखावत

**-'पर्यटन, सामुदायिक विकास और आजीवन शिक्षा : समकालीन भारत में नीतिगत परिप्रेक्ष्य और अवसर' विषय पर डीयू में हुआ विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा की वेलनेस टूरिज्म में भारत दुनिया में अग्रणी है। पर्यटन (टूरिज्म) में अब लोग केवल 'डेस्टिनेशन' नहीं, बल्कि 'एक्सपीरियंस' को महत्व देने लगे हैं, जो पर्यटन के बदलते स्वरूप को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अभी भारत की जीडीपी में पर्यटन का योगदान 5त्न के करीब है जिसे वर्ष 2047 तक 10त्न तक ले जाना है। शेखावत दिल्ली विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा एवं विस्तार विभाग द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्य मंत्री डॉ सत्यपाल सिंह लोकसभा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. सोरेन एहलर्स और कार्यक्रम के कन्वीनर डीसीईई विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुमार आशुतोष थे।

'पर्यटन, सामुदायिक विकास और आजीवन शिक्षा- समकालीन भारत में नीतिगत परिप्रेक्ष्य और अवसर' विषय पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में देश-दुनिया के पर्यटन परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'मास्टर इन टूरिज्म' जैसे पाठ्यक्रम की शुरुआत समयानुकूल और दूरदर्शी कदम है, जो युवाओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने पर्यटन को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए कहा कि वैश्विक जीडीपी में इसका योगदान 10प्र. से अधिक है। भारत में पिछले वर्ष लगभग 294 करोड़ से अधिक पर्यटन यात्राओं का आंकड़ा इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने यूएनडब्ल्यूटीओ के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की हिस्सेदारी अभी भी 1प्र. से कम है, लेकिन बीते वर्षों में भारत ने तेजी से प्रगति करते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राकृतिक विविधता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा इसे एक विशिष्ट पर्यटन गंतव्य बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 'लर्निंग एक डिग्री प्राप्त करने के साथ ही समाप्त नहीं हो जाती' शिक्षा आजीवन प्रक्रिया है। कुलपति ने युवाओं को निरंतर सीखने और स्वयं को लगातार विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. योगेश सिंह ने पर्यटन को आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि वर्तमान में भारत के जीडीपी में पर्यटन का कुल योगदान लगभग 5.22प्र. है, जिसमें 2.72प्र. प्रत्यक्ष योगदान शामिल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन 'टेररिज्म डिवाइड्स, बट टूरिज्म यूनाईट्स' का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यटन न केवल आर्थिक प्रगति को गति देता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करता है।

# दिल्ली आर्थिक सर्वे 2026 पेश, विकास दर 9.42प्र. का अनुमान; प्रति व्यक्ति आय 5.31 लाख पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। सर्वेक्षण में राजधानी की अर्थव्यवस्था को मजबूत बताते हुए 9.42 प्रतिशत विकास दर का अनुमान जताया गया है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 5,31,610 रुपये होने की संभावना व्यक्त की गई है, जो राष्ट्रीय औसत से करीब ढाई गुना अधिक है।

### आर्थिक मजबूती और राजस्व अधिशेष

आर्थिक समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2025-26 में दिल्ली का सकल राज्य घरेलू उत्पाद लगभग 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 9.42 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसके साथ ही 9,661.31 करोड़ रुपये के राजस्व अधिशेष का अनुमान लगाया गया है, जो जीएसडीपी का 0.73 प्रतिशत है। कर संग्रह में भी 15.54 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है।

### सेवा क्षेत्र का वर्चस्व कायम

दिल्ली की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी सबसे अधिक 86.32 प्रतिशत बनी हुई है। सरकार का लक्ष्य राजधानी को विश्वस्तरीय, समावेशी और रहने योग्य शहर के रूप में विकसित करना है। यह सर्वेक्षण का 17वां संस्करण है, जो आर्थिक दिशा और प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है।

### बजट में बढ़ा आवंटन, योजनाओं पर जोर

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है, जिसमें से 59,300 करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 20,300 करोड़ रुपये अधिक है। बजट में परिवहन को 20 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा को 17 प्रतिशत, जल और स्वच्छता को 15 प्रतिशत, शिक्षा को 13 प्रतिशत और स्वास्थ्य को 12 प्रतिशत हिस्सा दिया गया है।

### परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार

राजधानी में सार्वजनिक परिवहन के साधनों को मजबूत किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 2150 से बढ़कर 4338 हो गई है। वहीं दिल्ली मेट्रो की औसत दैनिक सवारी लगभग 67 लाख तक पहुंच गई है। बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 8442 मेगावाट हो गई है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 509 मेगावाट दर्ज की गई है।

### पर्यावरण और जल प्रबंधन में सुधार

दिल्ली में 'अच्छे वायु गुणवत्ता वाले दिनों' की संख्या 2018 के 159 दिनों से बढ़कर 2025 में 200 दिन हो गई है। जल आपूर्ति और स्वच्छता के क्षेत्र में 93.5 प्रतिशत घरों तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाया जा रहा है। लगभग 1000 एमजीडी जल आपूर्ति, 15,700 किलोमीटर पाइपलाइन और 11,040 किलोमीटर सीवर नेटवर्क के जरिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य में प्रगति

राजधानी में 1270 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं, जहां 10वीं में 97.7 प्रतिशत और 12वीं में 98.3 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 40 बहु-विशेषज्ञ अस्पताल, 370 आरोग्य केंद्र और 98 डिस्पेंसरी कार्यरत हैं। अस्पतालों में बेड की संख्या भी बढ़कर 15,659 हो गई है।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से राहत

सरकार की सामाजिक योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मासिक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2025-26 में 4.40 लाख वरिष्ठ नागरिक, 4.09 लाख महिलाएं और 1.40 लाख दिव्यांगजन इन योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं।



### जन वितरण और आवास सुविधाएं

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 1953 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 72.21 लाख लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। अन्न योजना के तहत पात्र परिवारों को मुफ्त राशन और चीनी वितरित की जा रही है। इसके अलावा 73 अटल कैंटीन संचालित हैं और 20 किलोलीटर तक मुफ्त पानी योजना से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

### विकास की स्पष्ट दिशा

आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि राजधानी में बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। आने वाले वर्षों में दिल्ली को अधिक सक्षम और समावेशी महानगर बनाने की दिशा में यह सर्वेक्षण महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com